संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 16 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 247 पृष्ठ: 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



राम मंदिर की नई तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीर गर्भगृह के मुख्य दरवाजे की है। नीचे कमल का फूल है। बीच में सूंड उठाए हाथी और सबसे ऊपर महिला की तस्वीर है।

फास्ट न्यूज

## मणिपुर... एडिटर्स गिल्ड मेंबर्स की गिरफ्तारी 2 हफ्ते नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**सुप्रीम कोर्ट** ने मणिपुर के एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के 4 मेंबर्स की गिरफ्तारी पर 2 हफ्ते तक रोक लगा दी। इस मामले में शुक्रवार 15 सितंबर को सुनवाई हुई। साथ ही कोर्ट ने शिकायतकर्ता से जानना चाहा कि एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का अपराध कैसे बनता है? एडिटर्स गिल्ड ने 6 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। उखकडीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई कर रही है।

**मणिपुर में अब तक 175 की मौत, 1108 जख्मी:** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच 3 मई से हो रही सामुदायिक हिंसा में अब तक 175 लोगों की मौत हो चुकी हैं। राज्य में 1108 घायल हैं, 32 अभी भी लापता है, जबकि 96 लावारिस लाशें शवगृह में रखी हैं। इंफाल में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आईके मुइवा ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मणिपुर के इस चुनौतीपूर्ण समय में हम नागरिकों को विश्वास दिलाते है कि पुलिस, सुरक्षा बल और राज्य सरकार 24 घंटे उनकी सुरक्षा में लगे हुए हैं।

## 'इंडिया' गठबंधन से डरने की जरूरत नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/पुणे**

2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा विरोधी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है तो हमारा संघर्ष व्यापक हो सकता है। इससे डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन लापरवाही से भी काम नहीं चलेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक में गुरुवार 14 सितंबर को भाजपा को यह दक्ष सूचना दी गई। 16 सितंबर तक चलने वाली बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक पुणे में शुरू हुई। बैठक की शुरूआत सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता की फोटो की पूजा से की। इस बैठक में संघ के 36 संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी संघ की बैठक में शामिल होने के लिए गुरुवार को पुणे पहुंचे हैं।

# नूंह हिंसा: कांग्रेस एमएलए मामन खान गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के नूंह में 31 जुलाई को हिंसा फैलाने के आरोप में देर रात फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को गिरफ्तार कर लिया है। एमएलए मामन खान को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। खान को शुक्रवार दोपहर को एसआईटी ने कोर्ट में पेश किया। जहां से विधायक को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एमएलए मामन खान की गिरफ्तारी पर नूंह के एसपी नरेंद्र बिजारणियां ने कहा- "नूंह के बडकली चौक पर हुई हिंसक घटना में मामन खान की भूमिका मिली है। इसके साथ ही एमएलए खान दंगा फैलाने वालों के संपर्क में भी थे। 31 जुलाई को एमएलए की लोकेशन भी हिंसा वाली जगह के आसपास मिली है।" उधर, विधायक मामन खान की गिरफ्तारी के बाद नूंह जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। शनिवार रात 12 बजे तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है। शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय को जुमे की नमाज भी घर पर अता करने को कहा गया है। इसके साथ विधायक के गांव भादस और आसपास के क्षेत्र को पुलिस ने पूरी तरह सील कर दिया है। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। खान पर आरोप है कि वे हिंसा के दौरान दंगाइयों के संपर्क में थे। इसके अलावा उन पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट कर हिंसा भड़काने का आरोप है। नूंह जिले के नगीना थाना में मामन खान के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। जिसमें हत्या का प्रयास, लूट सहित अन्य धाराएं लगाई हैं। पुलिस ने पूछताछ के लिए मामन



खान को दो बार नोटिस जारी कर बुलाया, पर वे जांच में शामिल नहीं हुए। मामन ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर हिंसा मामले की निष्पक्ष जांच और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की थी। गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इसके बाद अगली सुनवाई के लिए 19 अक्टूबर की तारीख तय की गई। नूंह हिंसा में 7 लोगों की मौत हुई थी और 100 से ज्यादा लोग जख्मी हुए थे।

**दो दिन पहले मोनू मानेसर की गिरफ्तारी हुई थी:** इससे पहले नूंह हिंसा के आरोपी मोनू मानेसर को मंगलवार को हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। नूंह कोर्ट ने उसे राजस्थान पुलिस की कस्टडी में भेज दिया। मोनू का नाम राजस्थान के निवासी नासिर-जुनैद के हत्याकांड में भी आया था।

**अभिषेक के घर पर सीएम ने दे दिए थे संकेत:** मामन की गिरफ्तारी से पहले ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा था कि खान कहीं भी चले जाएं, अगर वे आरोपी हैं तो उनके खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। इस बयान से एक दिन पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर नूंह हिंसा में मारे गए वीएचपी कार्यकर्ता अभिषेक के परिजनों से मिलने उनके घर गए थे। परिजनों को उन्होंने भरोसा दिलाया था कि नूंह हिंसा के आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। इससे पहले सूबे के गृह मंत्री अनिल विज भी बयान दे चुके हैं कि 28, 29 और 30 जुलाई को मामन खान जिन जगहों पर गए थे, वहां हिंसा हुई थी। इसके अलावा दूसरे कई भाजपा नेता मामन खान को नूंह हिंसा का मास्टरमाइंड बता चुके हैं।

**विधानसभा का बयान बना गले की फांस:** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मामन खान ने सदन में नासिर-जुनैद हत्याकांड के आरोपी मोनू मानेसर की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा विधायक सत्यप्रकाश जरावत के साथ बहस की थी। इस दौरान दोनों ही विधायकों में काफी गरमा-गरमी भी हो गई थी।

# अब 'रामचरितमानस' पर बवाल

- रामचरितमानस में पोटेशियम साइनाइड: बिहार के मंत्री, मेरी जीभ की कीमत 10 करोड़ तो गले की कीमत क्या होगी, भाजपा बोली-वे खुद सामाजिक साइनाइड

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार** सरकार में शिक्षा मंत्री और आरजेडी के सीनियर लीडर चंद्रशेखर ने एक बार फिर रामचरितमानस पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में पोटेशियम साइनाइड है। जब तक यह पोटेशियम साइनाइड रहेगा, तब तक मैं इसका विरोध जारी रखूंगा। चंद्रशेखर पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने सुंदर कांड एक दोहे का जिक्र करते हुए पूछा कि जीभ काटने की कीमत 10 करोड़ रुपए लगाई गई थी। मेरे गले की कीमत क्या होगी? उनके इस बयान के बाद बीजेपी ने प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा है कि बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर खुद ही सामाजिक साइनाइड हैं। वे समाज में जहर फैलाने के लिए बेचैन हैं। प्रो. चंद्रशेखर ने कार्यक्रम के दौरान रामचरितमानस के अरण्य कांड की एक चौपाई सुनाई- पूजहि विप्र सकल गुण हीना, शूद्र न पूजहु वेद प्रवीणा। चंद्रशेखर ने कहा कि जब मैं इन सब चीजों का विरोध करता हूं तो मीडिया के लोग भी मेरे पीछे पड़ जाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या गुण हीन विप्र पूजनीय हैं और गुण युक्त शूद्र वेद के जानकार होने पर भी पूजनीय नहीं हैं? हमें बताएं कि जब सब के पूर्वज चिम्पांजी थे तो ये जातियां कहां से आईं? उन्होंने कहा कि मुझे देश से बाहर जाने की बात कही जाती है। मोहन भागवत ने किसी धर्म विशेष पर टिप्पणी की तो उन्हें क्यों नहीं बाहर भेजा जाता..। इन चीजों का विरोध डॉ.राम मनोहर लोहिया और कवि नागार्जुन ने भी किया था। एकलव्य का भी अंगूठा काटा गया था। बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किसी धर्म विशेष पर टिप्पणी की तो उन्हें क्यों नहीं बाहर भेजा जाता।



### 'चंद्रशेखर-आरजेडी खुद समाज के लिए साइनाइड'

**शिक्षा** मंत्री के बयान पर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा है कि बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर खुद ही सामाजिक साइनाइड हैं। इतना ही नहीं वे समाज में जहर फैलाने के लिए बेचैन हैं। प्रवक्ता ने कहा कि राजद समाज के लिए साइनाइड है। चारों तरफ जातीय और धार्मिक उन्माद फैलाया जा रहा है। रामचरितमानस और सनातन पर आरजेडी की ओर से बयान दिया जा रहा है। इन लोगों ने कभी रामचरित मानस पूरा पढ़ा ही नहीं होगा। ये लोग सियासी फ्रॉडिज्म करके चुनावी एजेंडा बनाकर बिहार की जनता को ठगना चाहते हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू-नीतीश के कुनबे के तरफ से कहा गया कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था का प्रतीक रामचरितमानस पोटेशियम साइनाइड के समान है और साइनाइड के खाते ही लोगों की मौत हो जाती है। ये ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इन्होंने हिंदुओं को जाति में बांटकर वोट की राजनीति की है, लेकिन विपक्ष के लोग ये नहीं भूले कि देश के हिंदू जाग चुके हैं और सभी चीजों का हिसाब लेंगे। पहले स्टालिन ने सनातन को खत्म करने की बात शुरू की और अब लालू और नीतीश भी वही काम कर रहे हैं।

**घमासान**

▸▸ मोहन भागवत ने किसी धर्म विशेष पर टिप्पणी की तो उन्हें क्यों नहीं देश से बाहर भेजा जाता: शिक्षा मंत्री

**56 इंच वाले की तरह डिग्री खरीद ली गई होती:** शिक्षा मंत्री ने कहा कि आप लोग जगदेव प्रसाद को गोली मारने का कारण गूगल करके पढ़िएगा। पता चला जाएगा कि मैं किन चीजों का विरोध कर रहा हूं। चंद्रशेखर ने कहा कि अगर लालू जी के राज में जंगलराज ही था तो चौकीदार यानी 56 इंच वाले की तरह उस समय भी डिग्री खरीद ली गई होती। हम सच बोलने वाले लोग हैं।

लालू प्रसाद ने यादवों, दलितों को आवाज दी तो इनके खिलाफ साजिश की गई।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक कार्यक्रम में छात्रा को सम्मानित करते हुए।

## सीबीएसई ने बदला 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का पैटर्न

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं की 2024 में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा के परीक्षा पैटर्न और अंक योजना में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक, विद्यार्थियों में परीक्षा के दबाव को कम करने के लिए इस बार योग्यता आधारित प्रश्नों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

**इस सत्र में 15 से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं:** बोर्ड ने परीक्षा की तारीखों की जानकारी पहले ही साझा कर दी थी। इस बार बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी 2024 से सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024 से शुरू होने वाली है।

# पृथ्वी के इलेक्ट्रॉन चांद पर पानी बना रहे

### वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-1 के डेटा स्टडी करके दावा किया, चंद्रयान-3 का लक्ष्य भी पानी खोजना

**टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन**

**चंद्रयान-1 के** डेटा की स्टडी कर रहे अमेरिका की हवाई यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने दावा किया है कि पृथ्वी के हाई एनर्जी इलेक्ट्रॉन चांद पर पानी बना रहे हैं। ये इलेक्ट्रॉन पृथ्वी की प्लाज्मा शीट में हैं, जो मौसमी प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार है, यानी इनके होने से ही पृथ्वी के मौसम में बदलाव होता है। साइंटिस्ट्स का दावा है कि ये इलेक्ट्रॉन चांद पर मौजूद चट्टानों और खनिजों को तोड़ या घोल रहे हैं। इससे चांद के मौसम में भी बदलाव आ रहा है। 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' जर्नल में पब्लिश स्टडी में कहा गया कि इन इलेक्ट्रॉन्स ने चांद पर पानी बनाने में मदद की होगी। इसके पहले 2008 में लॉन्चिंग के बाद चंद्रयान-1 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का संकेत दिया था। उस मिशन की एक रिसर्च के आधार पर चांद पर बर्फ होने का दावा किया गया था। इसके बाद साइंटिस्ट्स ने अनुमान लगाया कि चांद के पोलर रीजन में सूरज की रोशनी नहीं पहुंचने से वहां का तापमान -200 डिग्री सेल्सियस से नीचे हो सकता है, जो बर्फ के फॉर्म में पानी की मौजूदगी की ओर इशारा करता है। इसलिए पानी की खोज के लिए 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 लॉन्च किया गया।



**दावा**

▸▸ 2008 में लॉन्चिंग के बाद चंद्रयान-1 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का संकेत दिया था

**चांद पर पानी कैसे बन रहा:** स्टडी के मुताबिक, प्रोटॉन जैसे हाई एनर्जी पार्टिकल्स से बनी सोलर विंड चंद्रमा की सतह पर बिखर जाती है, इस वजह से चंद्रमा पर पानी बन जाता है।

## हिमाचल सीएम ने पेश की मिसाल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**हिमाचल** के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने आपदा में मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री ने अपने निजी खाते से 51 लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष-2023 में दान की है। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर के साथ मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को यह चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि जब छोटे-छोटे बच्चे अपने गुल्लक से राहत राशि में पैसा दे सकते हैं, तो वह अपनी जमा नकदी क्यों नहीं दे सकते। प्रदेश को इस वक्त सबकी मदद की जरूरत है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने खाते में जमा राशि आपदा राहत कोष में देने का निर्णय लिया है। इससे पहले भी मुख्यमंत्री सुक्खू इस तरह से मदद करते रहे हैं।

**दान की**

▸▸ मुख्यमंत्री ने अपने निजी खाते से 51 लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष-2023 में दान की

## अनंतनाग में चार दिन से एनकाउंटर, एक और जवान शहीद

**टीम एक्शन इंडिया/अनंतनाग**

**कश्मीर** में अनंतनाग के गडूल कोकेरनाग में चौथे दिन शुक्रवार को भी आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। गुरुवार को आतंकियों की गोली लगने से एक जवान घायल हो गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, घायल जवान की मौत हो गई है। सुरक्षा बल उस जगह की ओर गोलीबारी और धमाके कर रहे हैं जहां माना जा रहा है कि आतंकवादी छिपे हो सकते हैं। दो से तीन आतंकी राजौरी तक फैले पीर पंजाल के घने जंगल में छिपे हैं। इनमें एक लश्कर-ए-तैय्यबा का कमांडर उजैर खान है। इन्हीं आतंकियों के हमले में बुधवार को सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमांयू भट शहीद हुए थे। सेना के कमांडोज, स्निफर डॉग्स, ड्रोन, हेलिकॉप्टर आतंकियों को खोज रहे हैं। राकेट लॉन्चर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। सैन्य अफसरों का कहना है कि आतंकियों को 4 किमी के दायरे में घेर लिया गया है। इन्हें कभी भी ढेर कर दिया जाएगा। ड्रोन से बमबारी की जा रही है। आतंकियों ने मंगलवार को उस वक्त हमला किया था, जब सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस तलाशी अभियान चला रही थी।



**मुठभेड़**

▸▸ आतंकियों की तलाश में घेराबंदी, ड्रोन, राकेट लॉन्चर से की जा रही बमबारी, पीर पंजाल के घने जंगल में छिपे

**पहल** उपभोक्ताओं को कार्यालय में आए बिना आईपीपी द्वारा ऑनलाइन चालान जमा करने की सुविधा प्रदान करेगा

# सीएम सुक्खू ने एकीकृत बिजली उपभोक्ता पोर्टल का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला /चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को अभियंता दिवस के अवसर पर शिमला में हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड एचपीएसईबीएल के एकीकृत बिजली उपभोक्ता पोर्टल का शुभारंभ किया।इस पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ताओं को अब अपने बिजली बिलों का भुगतान करने के लिए लम्बी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा, बल्कि वे घर बैठे ही आसानी से बिलों का भुगतान कर सकेंगे। इसके अलावा लोग अब नए बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और इस पोर्टल के माध्यम से अपने आवेदन की प्रगति की भी निगरानी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त पोर्टल पर एचपीएसईबीएल द्वारा दी जाने वाली नाम परिवर्तन और लोड समायोजन आदि विभिन्न सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। इस डिजिटल पहल का उद्देश्य बिजली बोर्ड में कागज रहित कार्य संस्कृति की शुरूआत करना हैए जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित होंगी और सेवाओं में तेजी आएगी।ुख्यमंत्री ने कहा कि यह पोर्टल ऊर्जा क्षेत्र में उपभोक्ता सुविधा बढ़ाने और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है जिससे उपभोक्ताओं को अधिक कुशल और सुलभ सेवाएं प्राप्त होंगी। इसके अलावा पोर्टल पर ऊर्जा उत्पादन डेटा उपलब्ध होगा और यह उपभोक्ताओं को कार्यालय में आए बिना आईपीपी द्वारा ऑनलाइन चालान जमा करने की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में अभियंताओं के अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हाल ही में भारी वर्षा के कारण आई आपदा ने राज्य के बुनियादी ढांचे को बुरी तरह से प्रभावित किया है।



**घर बैठे सेवाएं**

▸▸ बिलों के भुगतान, नए कनेक्शन, लोड समायोजन जैसी सुविधाएं ऑनलाइन होंगी उपलब्ध

## केरल में निपाह का एक और केस मिला

**टीम एक्शन इंडिया/कोझिकोड**

**केरल** में निपाह वायरस का एक और केस सामने आया है। कोझिकोड में 39 साल का व्यक्ति वायरस से संक्रमित पाया गया है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक एक्टिव केस बढ़कर 4 हो गए हैं। केरल में अब तक निपाह के कुल 6 केस आ चुके हैं, जिसमें 2 लोगों की मौत हो चुकी है। केरल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मरने वाले व्यक्ति को अभी कोझिकोड के अस्पताल में निगरानी में रखा गया है। राज्य सरकार ने संक्रमण फैलने से रोकने के लिए तैयारियां मजबूत कर ली हैं। कोझिकोड में संक्रमण मिलने वाली ग्राम पंचायतों को क्वारंटीन जोन घोषित कर दिया गया है।



**हाई रिस्क कैटेगरी में 213 लोग:** मरने वाले व्यक्तियों के संपर्क में आए हाई रिस्क वाले 15 लोगों के सैम्पल ले लिए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार संक्रमित लोगों की कॉन्टैक्ट लिस्ट में 950 लोग शामिल हैं। इनमें से 213 लोग हाई रिस्क कैटेगरी के हैं। कॉन्टैक्ट लिस्ट में 287 स्वास्थ्य अधिकारी भी शामिल हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार ने पुणे में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान का दौरा किया। उन्होंने निपाह वायरस को रोकने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने वायरस से निपटने में राज्य की मदद करने के लिए डॉ. माला छाबड़ा की अगुआई मे एक टीम नियुक्त की है। केंद्र और ने ग्राउंड टेस्टिंग के लिए एक हाई लेवल टीम को कोझिकोड भेजा है। यह टीम बायोसेफ्टी लेवल 3 वाली मोबाइल यूनिट के साथ भेजी गई है।

# एनडीपीएस में सिरमौर पुलिस 100 प्रतिशत अभियोग दर्ज करने में कामयाब

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**जिला मुख्यालय** नाहन में स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यलय में प्रैसवार्ता आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा ने जिले के विभिन्न पुलिस थानों में पंजीकृत एनडीपीएस एवं अन्य अपराधिक अभियोगों के आंकड़े साझा किए गए। उन्होंने बताया कि विभिन्न पुलिस थानों में एनडीपीएस अधिनियम के अंर्तगत गत दशकों में पहली बार 100 अभियोग पंजीकृत करने का आंकड़ा प्राप्त किया है। इसके अलावा इस वर्ष हत्या के 6 मामले दर्ज हुए। इन सभी मामलों को सुलझा लिया गया



है। बलात्कार व एससी-एसटी अधिनियम के मामलों में जहाँ कमी आई है वहीं अपहरण का कोई मामला सामने नहीं आया है। नशा तस्करी के मामलों में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष ज्यादा मामले दर्ज किए गए। जिसमें चरस, गांजा, भुक्की व हेरोइन के पांच गुना अधिक अभियोग दर्ज हुए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के विभिन्न थानों में वर्ष 2022 की तुलना में चालू वर्ष में 9.15 प्रतिशत अधिक अपराधिक मामले पंजीकृत किए गए। गत वर्ष

**पंजीकृत**

**वर्ष 2022 की तुलना में चालू वर्ष में 9.15 प्रतिशत अधिक अपराधिक मामले पंजीकृत किए गए**

जिले में कुल 1005 विभिन्न अपराधिक मामले दर्ज हुए थे जबकि इस वर्ष 11 सितंबर तक 1097 अपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं। क्योंकि इस साल खनन माफि या और नशा तस्करों के खिलाफ अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। खनन अधिनियम के अंर्तगत इस साल 9 ट्रैक्टर, 14 टिप्पर और 13 जेसीबी मशीनें जब्त की गई हैं और 33ए02ए500 रूपए का जुमार्ना वसूल कर सरकारी कोष में जमा कराया गया है। पहले की अपेक्षा इस साल अब तक खनन के एवज में 116 फिसदी ज्यादा चालान काटे जा चुके हैं। इसी प्रकार सडक दुर्घटनाओं में भी पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत की कमी आई है। इसके साथ ही सडक हादसों में मरने वालों की 16 प्रतिशत की कमी हुई है। इसके अतिरिक्त नशीली दवाओं, अवैध शराब, जुआ आदि अधिनियमों के तहत भी गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष ज्यादा अभियोग पंजीकृत किए गए हैं।

# नेशनल हाईवे अथॉरिटी की अनदेखी दे रही हादसों को न्यौता

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ**

शहर के बीचोंबीच गुजर रहे नेशनल हाईवे बरसाती नालियों की गहराई वाहन चालकों व पैदल चलने वाले लोगों की जान को खतरा बन चुकी है। आरोप है कि नेशनल हाईवे अर्थारटी की अनदेखी हादसे को न्योता दे रही है। ऐतिहासिक दिल्ली गेट के नजदीक सालों से सुरिन्द्रा क्लब के डंगे के साथ वाली बरसाती नाली की गहराई अब जोखिम पूर्ण बन चुकी है। आरोप है कि नाली का रख रखाव को लेकर लोक निर्माण विभाग के अफसर अनदेखी बरत रहे है ।सालों से होने वाली टायरिंग से लगातर इस बरसाती नाली की गहराई बढ़ती रही है दिल्ली गेट के नजदीक



मोड़ पर तो गहराई दो फुट से ज्यादा हो चुकी है। यह नाली कवर भी नही की गई है ऐसे में पैदल चलने वाले लोगों व यहाँ से गुजरने वाले वाहनों के लिए परेशानी बनी है। दिल्ली गेट के नजदीक सरकारी व निजी बसों का ठहराव होता है। वाहन कई बार तो नाली में उतर भी जाते हैं। नाली में उतर जाए तो सडक पर आसानी नही चढ़ सकते। मोड़ पर अक्सर सारा दिन जाम भी लगा रहता है। आस पास के दुकानदारों ने नाली को कवर करने की गुहार लगाई है। यही हालत हाईवे पर मौहल्ला गोविंदगढ नजदीक वन विभाग के कार्यालय के साथ तीखे मोड़ पर बनी है। शिमला हाईवे पर कई जगह नाली खतरा बनी है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन गेयटी थिएटर में होगा

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**नेहरू युवा केंद्र** शिमला युवा मामले विभाग भारत सरकार, एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उघम मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से 17 सितंबर, 2023 को शिमला गेयटी थिएटर में विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य पर पीएम विश्वकर्मा सेंट्रल सेक्टर स्कीम का शुभारंभ पर किया जाएगा जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मंत्री युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर शिरकत करेंगे जिसके संबंधित आज नेहरू युवा केंद्र संगठन हिमाचल प्रदेश, युवा मामले विभाग भारत सरकार की राज्य निदेशक ईरा



प्रभात द्वारा प्रेस कांफ्रें स को आज संबोधित किया गया। अपने संबोधन में राज्य निदेशक ने पीएम विश्वकर्मा स्कीम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 17 सितंबर 2023 को द्वारका, नई दिल्ली से विश्वकर्मा सेंट्रल सेक्टर स्कीम का शुभारंभ किया जाएगा तथा उसी दिन योजना के संभावित लाभार्थियों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए देश भर में 70 स्थानों पर एक साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस योजना के द्वारा कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता प्रदान किया जाएगा। यह योजना पूरे भारत में ग्रामीण और शहरी कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। पीएम विश्वकर्मा के तहत पहली बार में अठारह पारंपरिक व्यापारों को शामिल किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य गुरु शिष्य परंपरा एवं अपने हाथों व औजारो से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा परिवार आधारित पारंपरिक कौशल के अभ्यास को मजबूत करना है। इनसे नेहरू युवा केंद्र युवा मामले विभाग भारत सरकार अपने युवा स्वयंसेवियों, युवा मंडलो द्वारा जागरूकता का आयोजन करेगा 17 सितंबर को होने वाले इस योजना के शुभारंभ के कार्यक्रम में उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुडने की अपील की है।

# भाजपा आईटी और सोशल मीडिया के माध्यम से बूथ स्तर तक करेगी प्रभावशाली काम: बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा प्रदेश** अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने आईटी एवं सोशल मीडिया सेल में नवनीमित कार्यालय का दौरा किया और इन विभागों की संबंधित टीम के साथ बैठक की। राजीव बिंदल ने कहा कि हमने नवनिमित आईटी एवं सोशल मीडिया कार्यालय का दौरा किया और अपने श्रेष्ठ कार्यकताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा की आईटी के माध्यम से सभी मंडलों और बूथों तक सारे कार्यक्रम को सरल एवं नमो ऐप पर अपलोड करने की दिशा में हमारा आईटी सेल सक्रिय भूमिका निभाए और भाजपा कार्यकर्ता को आईटी सैवी बनाएं। आईटी सेल सोशल मीडिया के कार्यकर्ता से वार्ता करते हुए हर विषय को प्रभावशाली तरीके से बूथ के प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुंचाएं। आज का युग आईटी और सोशल मीडिया का है और इसमें यह दोनों विभाग पूरी ताकत से काम करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा उपस्थित रहें। बैठक में सोशल मीडिया प्रभारी सुशील राठौर, आईटी सेल से अरुण शर्मा, शुभांकर सूद, निखिल ठाकुर, गीतांजलि, विवेक, जगजीत राजा, दिनेश और अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### रेणुका भाजपा मंडल को पहली बार मिला जिला युवा भाजपा अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। हिमाचल प्रदेश** भाजपा द्वारा सिरमौर जिला के लिए हाल ही में नियुक्त जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ठाकुर ने अपने शीर्ष नेतृत्व का उन्हें जिला भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया है। यहां जारी एक प्रेसवक्तव्य में जिला भाजपा युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रणबीर ठाकुर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष तिलक राज, सांसद सुरेश कश्यप, जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता, पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, विधायक रीना कश्यप, पूर्व विधायक बलदेव तोमर, जिला भाजपा महासचिव बलवीर ठाकुर,जिला प्रवक्ता मेलाराम शर्मा, रेणुका मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, पूर्व प्रत्याशी नारायण सिंह, जिला के सह मीडिया प्रभारी प्रताप रावत और भाजपा के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारीयों और कार्यकताओं का धन्यवाद किया है। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को आश्वासन दिया कि वह भाजपा को मजबूत करने के लिए युवा शक्ति को संगठित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे और प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व की अपेक्षाओं के अनुरूप खरा उतारने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने जिला के युवाओं का आह्वान किया है कि आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सभी युवा संगठित होकर आगे आएं और देश में नरेंद्र मोदी सरकार को पुन: सत्तासीन करने के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।इस अवसर पर जिला भाजपा के महासचिव बलबीर ठाकुर और जिला प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने बताया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो साधारण और अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी शीर्ष स्थान पर पहुंचने का मादा रखती है।

### अब धारा 133 के तहत होगा कुत्ते पालने वालों के खिलाफ एक्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। शहर के कई** हिस्सों में अपने नीजि घरों में कायदे कानून को ताक पर रखकर भारी संख्या में कुत्ता पाल कर आसपास रहने वाले लोगों को परेशान करने वाले कुत्ते पालने वाले लोगों के खिलाफ अब जिला प्रशासन धारा 133 के तहत कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। ताकि कानून का साहारा लेकर घरों में पाले जा रहे भारी संख्या में कुत्तों को पुलिस फ ोर्स की मदद से हटाया जा सके। उधर लोगों का आरोप है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कारवाई करने में नगर परिषद व जिला प्रशासन चुप्पी साधे है। मिली जानकारी के अनुसार पक्का टैंक व छोटा चौंक क्षेत्र में खफा लोगों अब परेशान कर रहे कुत्ता पालने वालों लोगों से खुद ही उनके घरों में निपटने का प्लॉन बना चुके इस मामले में प्रशासन के रूख का इंतजार कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार शहर में लगातार सडकों, गलियों में घूमने वाले कुत्तों की बढ़ती तादाद से आम लोग परेशान हो चुका है, लगातार गंदगी बढ रही है।



### वी ने अपने पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए लॉन्च की प्रायोरिटी सर्विस

**शिमला:** जाने माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने पोस्टपेड उपभोक्ताओं को बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए नई सर्विस वी प्रायोरिटी का लॉन्च किया है। चुनिंदा सर्कल्स में किए गए एक पायलट के परिणामों के आधार पर इस नई सर्विस का लॉन्च किया गया है।वी प्रायोरिटी कई विशेष फीचर्स एवं परफोर्मेन्स के साथ उपभोक्ताओं को बेजोड़ एवं संतोषजनक अनुभव प्रदान करेगी। वी के पोस्टपेड उपभोक्ता जिनके पास रु 699 या अधिक का रेंटल प्लान और 4 का फैमिली प्लान है वे इस प्रायोरिटी सर्विस का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा इसे वरिष्ठ नागरिकों एवं वी के लॉन्ग टर्म उपभोक्ताओं के लिए 10 साल या इससे अधिक अवधि के लिए विस्तारित भी किया गया है।वी के यूजर्स वी प्रायोरिटी मेंबर्स के रूप में कई विशेष फायदों का लाभ उठा सकेंगे जैसे 24/7 प्रीमियम कॉल सेंटर सर्विस का डायरेक्ट एक्सेस जहां वे आईवीआर के बिना ही कॉल सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।उनकी कॉल सीधे सीनियर कस्टमर सपोर्ट एक्जक्टिव के द्वारा ली जाएगी इस तरह उन्हें सहज एवं सुगम सेवाओं का लाभ मिलेगा। जीरो वेटिंग जैसा कि नाम से पता चलता है वी के यूजर वी स्टोर पर भी प्रायोरिटी सर्विस का लाभ उठा सकेंगे इस तरह उनकी समस्याओं का समाधान जल्दी होगा। बिल का आसान भुगतान तथा वी ऐप पर बेहतर यूजर इंटरफेस के साथ बेहतर अनुभव पर्सनलाइज्ड बर्थडे और एनीवर्सरी ग्रीटिंग्स तथा प्रीमियम ऑन.बोर्डिंग। अभिजीत किशोर,सीओओ,वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, हमें गर्व है कि हम अपने उपभोक्ताओं के बड़े एवं विशेष सेगमेन्ट के लिए विशेष सेवाएं लेकर आए हैं जिनका हमारे ब्राण्ड और नेटवर्क के साथ लम्बा रिश्ता है।

# हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विभागों को राजभाषा हिन्दी सम्मान 2023 से किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**भाषा एवं संस्कृति** विभाग कुल्लू द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में अटल सदन, कुल्लू के अंतरंग सभागार में जिला कुल्लू के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की भाषण, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं आयोजन व कुल्लू जिले में वर्ष भर हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विभागों को राजभाषा हिन्दी सम्मान 2023, से सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष कुल्लू पंकज परमार ने की। पंकज परमार ने कहा कि 14 सितम्बर 1949 को भारत की सविधान सभा द्वारा हिन्दी को राज भाषा का दर्जा दिया गया था। इसलिये 14 सितबंर को हर वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम हिंदी भाषा का प्रचार प्रसार करे।तथा अपने दैनिक कार्य मे हिंदी भाषा का अधिक से अधिक

**सम्मान**

**14 सितम्बर 1949 को भारत की सविधान सभा द्वारा हिन्दी को राज भाषा का दर्जा दिया गया था**

उपयोग करें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, कुल्लू, गृह रक्षा सातवीं वाहिनी, कुल्लू व सहकारी सभाएं, कुल्लू को हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने व हिंदी को भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए राजभाषा हिन्दी सम्मान-2023 प्रदान किए गए। अधिकारी वर्ग में नरेन्द्र शर्मा, जिला लोक संपर्क अधिकारी, कुल्लू, कर्मचारी वर्ग में सुनील कुमार, लिपिक, जिला नियन्त्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, कुल्लू, वचेत राम, सांख्यिकीय सहायक हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए समानित किया गया।

# सुख सरकार का राज्य चयन आयोग के गठन का स्वागत: रोहित शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ। अखिल** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जिला हमीरपुर के प्रवक्ता रोहित शर्मा ने कहां की व्यवस्था परिवर्तन की बात को प्रदेश के लोकप्रिय एवं मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सार्थक करते हुए नजर आ रहे हैं। रोहित शर्मा ने बीते कल मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए सभी बड़े जनहित के फैसलों का स्वागत किया एवं आम जनमानस को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य चयन आयोग का गठन,1226 पदों की पुलिस विभाग में भर्ती को मंजूरी सही कदम है।

# पुलिस ने 52.402 किलोग्राम चूरा पोस्त पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**माजरा पुलिस थाना** कि टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर, नेशनल हाईवे पर पांवटा से माजरा की तरफ आ रही एक गाड़ी की तालाशी लेकर पुलिस ने 52.402 किलोग्राम चुरा पोस्त बरामद किया है। पुलिस इस मामले में राजस्थान से ताल्लुक रखने वाले चार युवकों को हिरासत में लेकर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र चौहान ने पुष्टि करते हुए करते हुए बताया कि अन्वेषणाकर्ता मु.आ. भागवत प्रसाद पुलिस थाना माजरा की टीम को गश्त के दौरान सैनवाला पुल पर गुप्त सूत्रों से सुचना मिली कि एक गाडी नम्बर एचआर-14 पी-9300 जिसमे भारी मात्रा में चुरापोस्त हो सकता है पांवटा साहिब से माजरा की ओर आ रही है। डीएसपी ने बताया कि



नाकाबंदी के दौरान मेलियो से कुछ देर बाद एक गाडी के अंदर चालक सहित 4 व्यक्ति बैठे थे जिनके नाम व पता पूछे गए। जिन्होंने अपने विशाल शर्मा पुत्र सांवरिया लाल निवासी गांव, तह डुंगला जिला चितौडगढ राजस्थान शंभूलाल मीणा पुत्र कानू लाल निवासी गांव खेडा अलीराज डा. पीराना तहसील डुंगला जिला चितौडगड राजस्थान, जितेन्द्र पुत्र सुरजीत सिंह निवासी गांव मनोहरपुर जिला जिंद हरियाणा व चौथे व्यक्ति ने अपना नाम सतु जोगी पुत्र छगनलाल निवासी गांव आमलिया का खेडा तहसील डुंगला जिला चितौडगड राजस्थान बतलाए है।

# सहारा युवा मंडल रोपा द्वारा निकाली गई अमृत कलश यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

**युवा मामले एवं** खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत ग्राम पंचायत रोपा में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का आयोजन राज्य स्तरीय उत्कृष्ट युवा मंडल पुरस्कार विजेता 2022-23 सहारा युवा मंडल रोपा द्वारा किया गया। कलश यात्रा का शुभारंभ रोपा गांव से स्वतंत्रता की लड़ाई में अपना योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय साहणू राम के घर से की गई। रोपा के हर घर से माटी एकत्रित की गई तथा लोगों बताया गया कि यह मिट्टी दिल्ली ले जाई जाएगी और हमारे देश के वीर जवानों के नाम एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। गांव के लोगों ने उत्साह के साथ इस यात्रा में भाग लिया और




अपने घर से देश के नाम माटी समर्पित की। नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के स्वयंसेवक और सहारा युवा मंडल रोपा के प्रधान शशि पाल ने बताया कि गांव की हर घर से यह मिट्टी एकत्रित कर नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर पहुंचाई जाएगी। उसके उपरांत नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक इस माटी को दिल्ली पहुंचाएंगे। यह अभियान पूरे देश भर में चल रहा है और देश के हर एक गांव हर एक घर से माटी एकत्रित कर देश की राजधानी दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। इस अमृत वाटिका की माटी से भारत के हर गांव हर घर की महक आएगी।

# 'विपक्ष में रहते हुए झूठ बोलने की मशीन बन गए हैं जयराम'

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**प्रदेश कांग्रेस** प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि आपदा के इस दौर में हिमाचल प्रदेश में संकटमय और असाधारण परिस्थितियां है। मंडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे अधिक नुक्सान मंडी संसदीय क्षेत्र में हुआ है। जहां से भाजपा के 12 विधायक जीते हुए हैं और मंडी ने ही जयराम ठाकुर को नेताप्रतिपक्ष बनने लायक बहुमत दिया है। मगर इस आपदा के दौर में नेताप्रतिपक्ष और अन्य भाजपा के नेता बयानबाजी ही कर रहे हैं। उन्होंने नेताप्रतिपक्ष पर हमला करते हुए कहा जयराम ठाकुर जब सरकार में थे तो पलटू राम थे वे अपने ही फैसले बदलते रहते थे। मगर अब आपदा को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयराम व अन्य भाजपा नेता झूठ बोलने की मशीन बन गए हैं। जब भी उनके मुंह से निकलता है तो झूठ हीनिकलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता आपदा में भी राजनीति कर रहे हैं। केंद्र सरकार को हर चीज का श्रेय देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश भारतीय गणतंत्र का एक राज्य है। हिमाचल प्रदेश में आई आपदा में राज्य सरकार के अलावा केंद्र सरकार की भी जि मेदारी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आई इस आपदा में करीब चार सौ लोगों की मौत हो गई। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बारे एक भी शब्द का टवीट नहीं किया। जिस तरह से मणिपुर की घटनाओं को लेकर प्रधानमंत्री चुप रहे उसी प्रकार हिमाचल प्रदेश में आई आपदा पर भी चुप्पी साधे रखी। उन्होंने कहा कि भाजपा को लगता है कि प्रदेश में आई इस आपदा को लेकर लोग नाराज होंगे और आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसका फायदा होगा। लेकिन प्रदेश के लोग सब देख व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के दावों की पोल.पट्टी आने वाले विधानसभा सत्र में खोली जाएगी। केंद्र से कितना पैसा किस स्कमी के तहत आया यह सब विधानसभा पटल पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को रूटीन में मिलने वाली राशि के अलावा अतिरिक्त कोई भी मदद केंद्र सरकार की ओर से नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए यह बहाना बनाया जा रहा है कि आपदा राहत मैन्यूल पूर्व की यूपीए सराकर के शासन में बना है। मगर धारा 370 हटाने वाली सरकार इसमें संशोधन क्यों नहीं कर पाई। उन्होंने नेताप्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से सवाल किया कि मेरी मंडी हमारी मंडी कहने वाले जयराम ठाकुर बताए कि केंद्र से वे मंडी के लिए किस मंत्रालय से कितनी मदद लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के 25 में से 12 विधायक मंडी संसदीय क्षेत्र से हैं। अब मंडी के लोग पूछ रहे हैं कि क्या इसके लिए भाजपा को वाट दिए थे। उन्होंने कहा भाजपा शासित उतराखांड और भुज के लिए विशेष पैकेज जारी किया जाता है। जबकि हिमाचल को भाजपा सत्ता में न लाने की सजा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में भारत सरकार विदेशों में भी सहायता करती है। मगर हिमाचल की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि आपदा के एक महीने बाद वह हिमाचल आई है। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है और इस आपदा को लेकर प्रदेश सरकार से समीक्षा बैठक करने के अलावा वह लोगों के बीच भी गई है। लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पीला पटका डाल कर पर्यटकों की तरह आए और केंद्र से कोई भी मदद नहीं दिला पाए।

# डीएवी स्कूल चंबा में मनाया गया हिंदी दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**गुरुवार को** डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल चंबा में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक गुलेरिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर डीएवी स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद रहे। स्कूल के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने हिंदी भाषा के इतिहास, कविता वाचन, दोहा वाचन, गायन आदि से कार्यक्रम में समा बांधा। प्रधानाचार्य ने सभी को हिंदी दिवस की बधाई दी तथा हिंदी का महत्त्व बताते हुए सभी को हिंदी भाषा के



अस्तित्व को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हिन्दी साहित्य में लेखकों,कवियों और साहित्यकारों के योगदान के ऊपर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा होने के करण हम खुद को गौरवांन्वित महसूस होना चाहिए तथा हम सबको हिंदी में कार्य संपन्न कर खुद पर गर्व करना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने समस्त जमा पूंजी की 51 लाख रुपये की धनराशि आपदा राहत कोष-2023 में दान दी

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूरे देश के समक्ष एक मिसाल पेश करते हुए भारी बारिश एवं भूस्खलन से आई आपदा से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश के लिए अपनी समस्त जमा पूंजी की 51 लाख रुपये की धनराशि आपदा राहत कोष-2023 में दान कर दी है। मुख्यमंत्री ने आज अपने सरकारी आवास ओक ओवर में अपनी धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर की उपस्थिति में 51 लाख रुपये का चेक मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को सौंपा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू संभवतया देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं, जिन्होंने पद पर रहते हुए अपनी निजी जमा पूंजी सरकार को



आपदा से निपटने के लिए दान में दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में समाज का हर वर्ग बढ़-चढकर अंशदान कर रहा है। बच्चों ने अपनी गुल्लक तोडकर, कर्मचारियों ने अपने वेतन और बुजुर्गों ने पेंशन से अपने सामर्थ्य अनुसार आपदा राहत कोष में दान दिया है। इसे देखकर उनके मन में भी विचार आया कि उन्हें भी अपनी निजी जमा पूंजी से धन आपदा में दान देना चाहिए और ऐसे में अपने बैंक से सारे पैसे निकालकर आज 51 लाख रुपये दान कर दिए हैं। इससे पहले भी ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सामाजिक सरोकार को अधिमान देते हुए धन दान किया है। कोरोना काल में विधायक के तौर पर उन्होंने एक साल का वेतन और अपनी एफ डीआर तोडकर भी 11 लाख रुपये की धनराशि राज्य सरकार को महामारी से लड? के लिए दान में दी थी। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, स्वास्थ्य मंत्री डॉ.;कर्नल धनी राम शांडिल, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, ओएसडी रितेश कपरेट सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



18 सितम्बर, 2023 से आरम्भ होने जा रहे मानसून सत्र के दृष्टिगत विधान सभा सचिवालय तथा परिसर में चल रहे मुरम्मत, विकासात्मक तथा सुविधा विस्तार कार्य का निरिक्षण करते विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां तथा इस अवसर पर मौजूद हैं। लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग विद्युत तथा विधान सभा सचिवालय के अधिकारीगण।

## कांगड़ा जिले में शुरू हुई अंडर-19 छात्रा जोनल खेलकूद प्रतियोगिताएं



**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला।** कांगड़ा जिला में शुक्रवार को अंडर-19 छात्रा जोनल खेलकूद प्रतियोगिताओं का आगाज हुआ। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्कूलों की छात्राएं हिस्सा ले रही हैं। जिला के विभिन्न क्षेत्रों में शुरू हुई इन प्रतियोगिताओं के शुभारंभ मौके पर स्थानीय विधायक एवं सीपीएस बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए।

**पालमुपर में सीपीएस आशीष बुटेल ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ**

मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या पालमपुर में अंडर-19 छात्रा जोनल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में जोन के 21 स्कूलों की 217 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कब्बडी, बैडमिंटन वॉलीबॉल खो-खो इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आशीष ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा के साथ छात्रों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ खेलों को भी जरूरी किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से जहां छात्रों का बौद्धिक विकास होता है वहीं खेलों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक विकास के साथ-साथ बच्चों में अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि खेलों में भी प्रदेश के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विद्यायल की प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया।

**बैजनाथ के पपरोला में सीपीएस किशोरी लाल ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपरोला में आयोजित तीन दिवसीय अंडर-19 छात्रा खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ सीपीएस किशोरी लाल ने किया।

## हीरा पाल ने किया जोनल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

राजकीय उच्च पाठशाला वाहोट-कसोल में शुक्रवार को तीन दिवसीय जोनल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के सहसचिव व पूर्व कांग्रेस में रहे प्रदेश सचिव हीरा पाल सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर दीप प्रज्वलित करके खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सदर व स्वारघाट उच्च पाठशाला जोन से आए 15 विद्यालय के छात्रों ने मुख्यातिथि को सलामी दी। तदोपरान्त विद्यालय के



मुख्यधायपक श्याम लाल ने मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न, टोपी व शाल देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि हीरा पाल सिंह, मुख्यधायपक श्याम लाल ठाकुर, खेल प्रभारी व सहप्रभारी व अन्य ने खेल प्रतियोगिता के मुख्य ध्वज का आरोहण किया। उसके पश्चात क्रीडा शपथ दिलाई गई। मुख्यातिथि ने खेल प्रतियोगिताओं के लिए ग्यारह हजार की राशि दी। इसके अलावा स्कूल के लिए ग्रामीणों ने भी राशि देकर सहयोग किया है। हीरा पाल ठाकुर ने खेल प्रतिभागियों से आह्वान किया कि खेल को खेल की भावना से खेले। हम सभी अलग-अलग परिवेश से आते हैं लेकिन जब हम किसी खेल को खेलते हैं तब हम में एक टीम की भावना विकसित होती है। कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नशा माफिया के खिलाफ टास्क फ ोर्स का गठन किया है। इसके अलावा खेलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना तैयार कर रही है। जिसके लिए लगातार प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि नशा आज समाज के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। आजकल के बच्चे पहले की तरह खेलने के लिए घर से बाहर नहीं निकलते। ज्यादातर बच्चें अपना अधिकांश समय मोबाइल का उपयोग करने में बिताते हैं। जिसके चलते वे तनावग्रस्त हो जाते हैं और नशे की तरफ चले जाते हैं। मुख्याध्यापक श्याम लाल ठाकुर ने बताया कि 15 स्कूलों में जो खिलाडी विजय होंगे वो जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे।

## एनएचपीसी की पार्बती-2 परियोजना में हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**पार्बती-2 परियोजना** में आज हिंदी पखवाड़े की शुरूआत की गई। रंजीत सिंह, महाप्रबंधक यांत्रिक के कर कमलों से हिंदी पखवाड़े का विधिवत उद्घाटन किया गया तथा राजभाषा से संबंधित प्रतिज्ञा की शपथ दिलवाई। इस दौरान परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में रंजीत सिंह ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यालयीन कार्यों में



राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना तथा इसके प्रचार प्रसार में अपना योगदान देना हमारा नैतिक एवं संवैधानिक कर्तव्य है। उन्होने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की कि सभी हिंदी में काम करने के दायित्व को समझें और परियोजना में हिंदी की वृद्दि में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस अवसर पर परियोजना के सभी कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से परियोजना प्रमुख द्वारा एक संदेश भी जारी किया गया। पार्बती-2 परियोजना में 14 से 29 सितंबर, 2023 की अवधि में हिंदी पखवाड़े का आयोजन श्भारतीय भाषाओं के सौहार्द के रूप में किया जा रहा है। इस अवधि में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## आयुष्मान भवः के तहत छूटे हुए लोगों के घर-द्वार बनेंगे आयुष्मान हेल्थ कार्ड : केके शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**

**आयुष्मान भवः कार्यक्रम** के तहत जहां छूटे हुए लोगों के घरद्वार आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनाए जाएंगे तो वहीं 5 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की आभा आईडी हेल्थ आईडी भी बनाई जाएगी। इसके अलावा आयुष्मान स्वास्थ्य मेला तथा आयुष्मान सभा का भी आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम जोगिंद्रनगर के के शर्मा ने दी । उन्होंने कहा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक प्रदेश भर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सौजन्य से से सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है ।उन्होने बताया कि सेवा पखवाड़ा को चार घटकों में मनाया जाएगा। जिसमें आयुष्मान भवःकार्यक्रम, स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान तथा अंगदान करने की शपथ शामिल रहेगी। उन्होने बताया कि आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक लोगों के घरद्वार पहुंचकर आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के माध्यम से आयुष्मान कार्ड वितरित करेगी तथा छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। साथ ही 5 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों व लोगों की हेल्थ आईडी बनाई जाएगीए थूक के सैंपल लिये जाएंगे तथा स्वास्थ्य को लेकर लोगों की स्क्रीनिंग भी की जाएगी। शनिवार के दिन 23 व 30 सितंबर तथा 7 व 14 अक्तूबर को हेल्थ व वेल्नेस केंद्रों में आयुष्मान मेला आयोजित होगा। मेडिकल कॉलेज नेरचौक के माध्यम से सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में एक उपमंडल स्तरीय आयुष्मान स्वास्थ्य मेला भी आयोजित किया जाएगा,जिसमें विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा लोगों की स्वास्थ्य व चिकित्सीय जांच की जाएगी। इसके अतिरिक्त 2 अक्तूबर को प्रत्येक पंचायत स्तर पर आयुष्मान सभा का भी आयोजन किया जाएग।

## संविधान की सुरक्षा सबसे बड़ी जिम्मेवारी, एकजुट होकर लड़े लड़ाई : हीरामणि

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

घुमारवीं के अंबेडकर भवन में शुक्रवार को अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्प संख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की प्रदेशस्तरीय बैठक जिला प्रधान एवं सेवानिवृत डीएसपी सीता राम कौंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष हीरामणि भारद्वाज तथा महासचिव तारा चंद रणौत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस बैठक में जिला के पांचों मंडलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। संगठन की मजबूती और कार्य प्रणाली की चर्चा पर मोर्चा



के बुद्धिजीवियों ने अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष हीरामणी भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान में संविधान की रक्षा और सुरक्षा अहम चुनौती है जिसके लिए पूरे प्रदेश में जागरूकता अभियान चल पड़ा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अपनी सुविधानुसार केंद्र सरकार संशोधन कर अपनी ओर खींच रही है, उससे साफ हो गया है कि यह लोग दलित विरोधी हैं और जनता को भ्रम जाल में फंसाकर अपना मंतव्य सीधा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत रतन बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर जी ने अपना सर्वस्म होम कर देश को बेहतरीन तरीके से चलाने के लिए मार्ग दिखाया लेकिन कुछ मनुवादी सोच के लोगों को यह शुरू से ही रास नहीं आ रहा है तथा संविधान को समाप्त करने के लिए दिन रात प्रयास कर रहे हैं। इनके प्रयास कभी कामयाब नहीं होंगे। वहीं महासचिव तारा चंद रनौत ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास उपयोजना में आवंटित किए गए बजट को संबंधित समुदाय पर ही खर्च करने हेतु विधानसभा में तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक आदि प्रदेशों की तर्ज पर विशेष एक्ट बनवाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि लोग अपने चुने हुए प्रतिनिधियों पर एक्ट बनवाने के लिए दबाव डाल सकें।

उन्होंने कहा कि एससी एसटी कंपोनेंट के तहत आने वाले बजट का लगभग पच्चीस प्रतिशत राशि का हिस्सा संबंधित समुदाय पर खर्च होने के बजाए मात्र लगभग पांच प्रतिशत हिस्सा ही खर्च हो रहा है।

## पूजा मिन्हास स्विमिंग एसोसिएशन हमीरपुर की उपाध्यक्ष नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**हिमाचल प्रदेश** स्विमिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय धीमान एवं राज्य महासचिव इशान अख्तर एवं स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला हमीरपुर के जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने पूजा मिन्हास को स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला हमीरपुर का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डायरेक्टर पूजा मिन्हास स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला हमीरपुर की जिला उपाध्यक्ष नियुक्त। गौरतलब है कि



ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डायरेक्टर पूजा मिन्हास पिछले कई वर्षों से स्पोर्टस के उत्थान हेतु सक्रिय कार्य कर रही है। पूजा मिन्हास ने हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय धीमान एवं राज्य महासचिव इशान अख्तर एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के साथ कार्य करने में मुझे बहुत खुशी हो रही है। इसके अलावा जिला हमीरपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए में हमेशा कटिबंध रहूंगी, हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के बैनर तले जिला हमीरपुर के सभी ब्लॉकों के खिलाडियों को जिला स्तर एराज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगी।

## जुन्गा दशहरा मेला के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**अक्टूबर माह में होने** वाले जिला स्तरीय दशहरा मेले जुन्गा के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर आज तहसीलदार कार्यालय जुन्गा में उपमंडल दण्डाधिकारी शिमला ग्रामीण निशांत ठाकुर की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दशहरा मेला के दौरान होने वाली गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। साथ ही मेले में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या, दंगल तथा झांकियों के सुचारू संचालन हेतु स्थानीय प्रशासनए बिजलीए जल शक्तिए पुलिसए स्वास्थ्य और परिवहन



जैसे महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निशांत ठाकुर ने मेले में स्थानीय जनता की अधिक से अधिक भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु निकटवर्ती पंचायतों के प्रतिनिधियों को भी मेले के आयोजन में अपना सहयोग देने का आग्रह किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए निशांत ठाकुर ने बताया कि जुन्गा का दशहरा मेला इस क्षेत्र का एक ऐतिहासिक एवं बड़ा मेला है जिसमे भाग लेने के लिए न केवल

**चर्चा**

**बैठक में दशहरा मेला के दौरान होने वाली गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई**

स्थानीय जनता अपितु प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से भी लोग बड़ी संख्या में आते हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि मेले में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ेए इसलिए सभी लोगो और प्रशासन को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने मेला के दौरान सुचारू बस सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए ताकि दूर दराज से आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मेला स्थल पर चिकित्सा सुविधा भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए उन्होंने बताया की इस वर्ष लोगों की सुविधा के लिए अधिक संख्या में इ-.टॉयलेट की व्यवस्था की जाएगी जिससे की गंदगी से बचा जा सके। इस बैठक में तहसीलदार जुन्गा परमानन्द रघुवंशी, नायब तहसीलदार रविंदर सिंह तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### टीसीएस ने टीसीएस रूरल आईटी क्विज 2023 की घोषणा की

**गाजियाबाद।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस और कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी और सायंस एंड टेक्नॉलॉजी डिपार्टमेंट ने घोषणा की है कि टीसीएस रूरल आईटी क्विज के 24 वें संस्करण में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन्स शुरू हो चुके हैं। बेंगलुरु टेक समिट 2023 के एक हिस्से के रूप में इस क्विज का आयोजन किया जाएगा। इस क्विज में ऑनलाइन टेस्ट्स, और वर्चुअल और फिजिकल क्विज शोज भी होंगे। छोटे शहरों और जिलों के आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को इसमें हिस्सा लेने के लिए बढ़ावा दिया जाता है। शहर निगम की सीमाओं के भीतर के स्कूलों के छात्र इसमें हिस्सा नहीं ले सकते। इस क्विज में विभिन्न क्षेत्रों और पहलुओं में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिनमें प्रौद्योगिकी पर्यावरण, कारोबार, लोग, नए रुझान शामिल हैं। जिन क्षेत्रों को आईटी ने प्रभावित किया है उन्हें भी क्विज में शामिल किया जाता है, जैसे कि, बैंकिंग, शिक्षा, मनोरंजन, किताबें, मल्टीमीडिया, संगीत, मूवीज, इंटरनेट, एडवरटाइजिंग, खेल, गेमिंग, सोशल नेटवर्किंग और मोबाइल्स की दुनिया। टीसीएस रूरल आईटी क्विज में भारत भर में आठ रीजनल फाइनल्स होंगे। हर रीजनल फाइनल के भाग्यशाली विजेता को बेंगलुरु में नवंबर में होने जा रहे नेशनल फाइनल्स के लिए आमंत्रित किया जाएगा। सभी रीजनल विजेताओं को 10,000 रुपयों के और उपविजेताओं को 7000 रुपयों के गिफ्ट वाउचर्स से पुरस्कृत किया जाएगा। टीसीएस रूरल आईटी क्विज के भाग्यशाली राष्ट्रीय विजेता को 1,00,000 रुपयों की टीसीएस एजुकेशन स्कॉलरशिप और राष्ट्रीय उपविजेता को 50,000 रुपयों की स्कॉलरशिप से सम्मानित किया जाएगा। सभी रीजनल और राष्ट्रीय विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

### विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का नाम हिंदी है : शाह

**कानपुर :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हिंदी दिवस के मौके पर अपने संबोधन में कहा कि भारत, विविध भाषाओं का देश रहा है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भाषाओं की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का नाम हिंदी है। भारत एक ऐसा देश है जहाँ भाषाओं और संस्कृतियों का बेजोड़ संगम देखने को मिलता है। हिंदी को जनत्रांत्रिक भाषा का दर्जा भी मिल चुका है। यह बताने की जरूरत नहीं है कि जन-जन की भाषा हिंदी ने पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश भर में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों को एकसूत्र में पिरोने का कार्य किया। आजादी के बाद हिंदी की महत्त्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए संविधान निमार्ताओं ने 14 सितंबर, 1949 के दिन ही हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। मोदी जी की दूरदर्शी सोच और शाह के मार्गदर्शन में आज सभी भारतीय भाषाओं के माध्यम से गरीब हितैषी योजनाओं को लागू कर गरीबों और वंचितों का कल्याण किया जा रहा है। देश में राजभाषा में हुए कार्यों की समय-समय पर समीक्षा के लिए संसदीय राजभाषा समिति का गठन किया गया था ताकि सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की जा सके। 2014 तक इस रिपोर्ट के 9 खंड ही सौंपे गए थे, लेकिन शाह के कुशल प्रबंधन में महज 4 वर्षों के अंदर 3 खंड प्रस्तुत किए जा चुके हैं। 2019 से सभी 59 मंत्रालयों में हिंदी सलाहकार समितियों का गठन किया जा चुका है। आज देश के विभिन्न क्षेत्रों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने की दृष्टि से अब तक कुल 528 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन भी किया जा चुका है। लंदन, सिंगापुर, फिजी, दुबई और पोर्ट-लुई में भी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने की भी पहल की है। राजभाषा को तकनीक के अनुसार विकसित बनाने के लिए स्मृति आधारित अनुवाद प्रणाली कंठस्थ का निर्माण और हिंदी शब्द सिंधु शब्दकोष का निर्माण किया जा चुका है। कुल 90 हजार शब्द का एक ई-महाशब्दकोश मोबाइल एप्प और करीब 9 हजार वाक्य का ई-सरल वाक्य कोष भी तैयार किया गया है। निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल. बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल का उदाहरण देतेहुए शाह ने स्पष्ट किया कि, अपनी भाषा की उन्नति ही सभी प्रकार की उन्नति का मूल है। सभी भारतीय भाषाएँ और बोलियाँ देश की सांस्कृतिक धरोहर हैं। हिंदी की किसी भी भारतीय भाषा से न कभी कोई स्पर्धा थी और न ही कभी हो सकती है। सशक्त भारत के निर्माण केलिए सभी भाषाओं को सशक्त करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारतीय भाषाओं को देश ही नहीं दुनिया भर के मंचों पर उचितसम्मान मिल रहा है।

### जजपा नेता एक बूथ-एक सखी व एक बूथ-एक योद्धा के एजेंडे को आगे बढ़ाने में जुटे

**गन्नौर। जजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला व हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के आह्वान पर गन्नौर के हलका प्रधान अनिल त्यागी व महिला विंग की हलका प्रधान अनीता वर्मा ने एक बूथ-एक सखी व एक बूथ-एक योद्धा के एजेंडे को तेजी से आगे बढ़ाते हुए अभियान चलाया। हल्का प्रधान अनिल त्यागी ने पूरी टीम के कार्यकर्ता के साथ फील्ड में उतरकर एक बूथ-एक सखी व एक बूथ-एक योद्धा गांव गांव जाकर तैयार किए ताकि आने वाला समय में जजपा का शासन प्रदेश में पूर्णतया कायम किया जा सकें।

# 'सरकार दुख की इस घड़ी में मेजर आशीष के परिवार के साथ खड़ी'

## मां भारती के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले मेजर आशीष के बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा : सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
विगत 13 सितंबर को कश्मीर के अनंतनाग में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले मेजर आशीष धौंचक का आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बिंझौल में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। मेजर आशीष धौंचक को सेना की टुकड़ी ने सशस्त्र सलामी दी और राजकीय सम्मान के



साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेजर आशीष को श्रद्धांजलि देते हुए अपना शोक संदेश भेजा। मुख्यमंत्री के शोक संदेश को उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने पढ़ा और मुख्यमंत्री की तरफ से पुष्पचक्र अर्पित कर मेजर को नमन किया।
मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि हरियाणा सरकार दुख की इस घड़ी में मेजर आशीष के परिवार के साथ खड़ी है। संदेश में उन्होंने कहा कि मां भारती के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले मेजर आशीष के बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा। उनके इस सर्वोच्च बलिदान के लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। शुक्रवार सुबह सेना वाहन द्वारा उनके पार्थिव शरीर को टीडीआई स्थित उनके घर पर अंतिम दर्शनों के लिए लाया गया। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को बिंझौल ले जाया गया। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए और जगह जगह उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा की गई। स्कूली बच्चों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। सेना की ओर से लेफ्टिनेंट जनरल डीपी पांडे, पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किए।

## 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता सेवा अभियानः कंवलजीत



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)जिला परिषद** चेयरमैन कंवलजीत कौर ने शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण योजना के तहत पंचायत भवन में 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता सेवा अभियान का शुभारंभ किया। जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण योजना के तहत पंचायत भवन में 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता सेवा अभियान के दौरान बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में स्वच्छता एक जन आंदोलन का रूप ले रही है और 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर सच्ची श्रद्धांजलि होगी।
उन्होंने जिला परिषद के पार्षदों के साथ-साथ आम नागरिकों से आह्वान किया कि सरकार के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने-अपने क्षेत्रों में गतिविधियां करवाएं।

## दीपक वर्ष 2020-21, रवि एवं सिमरन वर्ष 2021-22 के लिए एनएसएस स्टेट अवार्ड हेतु चयनित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के छात्र दीपक को 2020-21 तथा रवि एवं सिमरन को वर्ष 2021-22 के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा एनएसएस स्टेट अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस डॉ. आनन्द कुमार, उप कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीरज बातिश, एनएसएस स्टेट अवार्ड विजेता कार्यक्रम अधिकारी एवं एनएसएस स्वयंसेवकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करता है ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अहम भागीदारी निभा सकें।
कार्यक्रम अधिकारी की कैटेगरी में डॉ. जीनत मदान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, सनातन धर्म महाविद्यालय, अम्बाला छावनी का वर्ष




2021-22 के लिए एनएसएस स्टेट अवार्ड के लिए चयन हुए है। एनएसएस स्वयंसेवको की कैटेगिरी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दीपक को वर्ष 2020-21, रविकांत एवं सिमरन को वर्ष 2021-22 के एनएसएस स्टेट अवार्ड के लिए चयन हुए है।

## 'विश्व लोकतंत्र दिवस' पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया / रेवाड़ी**
**इंदिरा गांधी** विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विश्व लोकतंत्र दिवस पर व्याख्यान एवं पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के राजनीति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. ज्योति रही। डॉ. ज्योति ने कहा कि देश के सम्पूर्ण विकास के लिये समावेशी लोकतन्त्र, आर्थिक समानता, गांव के हर गरीब आदमी के लिये न्याय की स्थापना करनी होगी ' उन्होंने प्रधानमन्त्री श्री नरेन्दर मोदी जी का "सबका साथ - सबका विकास" नारे से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया, जो कि भारत में एक नए लोकतन्त्र का आगाज कर रहा है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि लोकतन्त्र का आधार आपसी स्नेह भाईचारा ही है जो कि भारत की संस्कृति है।

## कुरुक्षेत्र विवि में दो दिवसीय टैलेंट हंट शो का रंगारंग आगाज हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
एसडी पीजी कॉलेज में छात्र.छात्राओं में छिपी प्रतिभा को उजागर करने हेतु तथा उन्हें उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र विश्वविधालय के सांस्कृतिक पाठ्यक्रम अनुसार दो दिवसीय टेलेंट हंट एवं शो का रंगारंग आगाज हुआ। जिसमें कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी डॉ.संगीता गुप्ता और अन्य प्राध्यापकों ने की। पेंटिंग प्रतियोगिता डॉ.इंदु बाला एवं प्रो.इंदु पुनिया, मोनो.एक्टिंग एवं मिमिक्री प्रतियोगिता प्रो.मयंक अरोड़ा एवं प्रो.दीपिका अरोड़ा, भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता प्रो.अन्नू

**सम्मान**

**प्रतियोगिताओं के सभी विजेता विद्यार्थियों को न सिर्फ पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा**

आहूजा, डॉ.संतोष कुमारी एवं डॉ. भारती गुप्ता और क्विज प्रतियोगिता प्रो.अन्नू आहूजा, डॉ. प्रियंका चांदना और प्रो.प्रवीण कुमारी की देख.रेख में संपन्न हुई। विदित रहे कि इन प्रतियोगिताओं के सभी विजेता विद्यार्थियों को न सिर्फ पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा बल्कि इन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल, रत्नावली, जोनल और इंटर जोनल प्रतियोगिताओं और इसी तरह की अन्य बड़ी प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों में कॉलेज का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि समय रहते बहुमुखी व्यक्तित्व का निर्माण हो जाए तो हमें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है।
सह.पाठ्यचर्या और सांस्कृतिक गतिविधियों के बिना शिक्षा अधूरी रहती है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से सांस्कृतिक मूल्य प्रचारित होते है और हमें नया सीखने का अनुभव मिलता है। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों में डॉ.एसके वर्मा, डॉ.मुकेश पुनिया, डॉ.राकेश गर्ग, डॉ.पवन कुमार, प्रो.संजय चोपड़ा, प्रो.मनोज कुमार, प्रो.सुनील, प्रो.सचिन व दीपक मित्तल आदि मौजूद रहे।

# जैविक खेती पर एक दिवसीय इन-सर्विस प्रशिक्षण आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**हरकोफैड**, पंचकूला व चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में सहकारी समिति के प्रबंधक व सहकारी समिति के सदस्यों के लिए जैविक खेती पर एक दिवसीय इन-सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक भूपेंद्र यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार, सहकारी के विकास के लिए दृढ़ संकल्प लिए हुए है। इसी का नतीजा/परिणाम है कि जिले की सभी प्राथमिक कृषि सहकारी



समितियों (पैक्सों) को बहुउद्देशीय सेवा केंद्रों में तब्दील किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी डॉक्टर राजबीर गर्ग ने जैविक खेती पर अपने व्याख्यान में बताया कि आज जैविक खेती समय की जरूरत है। लगातार रासायनिक उर्वरकों व पेस्टीसाइड के अंधाधुंध प्रयोग के कारण मिट्टी की उपजाऊ शक्ति में गिरावट आई है। जल व हवा भी प्रदूषित हुई है। हमारे जिले में धान-गेहूं फसल चक्र है। प्रत्येक फसल की उत्पादकता में ठहराव सा आ गया है। इसके लिए जरूरी है कि हमें जैव उर्वरक, जैविक खाद, फसल अवशेष, आदि के सदुपयोग के बारे में जागरूक होना पड़ेगा।
धान-गेहूं फसल चक्र में किसान भी यूरिया व डी.ए.पी. का ज्यादा प्रयोग करते हैं। इस अवसर पर प्रशांत शर्मा, उप-रजिस्ट्रार, जिला सहकारी बैंक, पानीपत ने पशुधन पर जोर देने के लिए आवाहन किया, ताकि हमारी फसलों को जैविक खाद मिल सके व हमारी खाद्यान्नों की गुणवत्ता में सुधार आ सके। इस अवसर पर हरकोफैड के सहकारी शिक्षा अधिकारी, जगदीप सिंह ने सहकारी व कृषि पर अपने विचार सांझा किए।
उन्होंने बताया कि आने वाला युग, सहकारिता का युग होगा। इसलिए प्रत्येक प्रबंधक व सदस्यों को जागरूक होने की जरूरत है व किसानों के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर सतपाल सिंह ने केंद्र की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की व कृषि विज्ञान केंद्र के फार्म पर लगाए गए ट्रायल का अवलोकन करवाया व कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

## त्यौहारी सीजन की मांग पूरी करने को गति ने डिलीवरी क्षमताओं का विस्तार किया

**नई दिल्ली :** भारत की प्रीमियम एक्सप्रेस डिस्ट्रीब्यूशन व सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनी गति एक्सप्रेस एंड सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड ने कॉमर्स डोमेन के साथ-साथ व्हाइट गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और एफएमसीजी सेगमेंट में त्योहारी सीजन के दौरान मांग में आने वाली वृद्धि को पूरा करने के लिए अपनी वेयरहाउसिंग और डिलीवरी क्षमताओं का विस्तार किया है। जीईएसपीएल ने अपनी क्षमता और दक्षता को लगातार बढ़ाया है, जिसके कारण वह पूरे साल में किसी भी समय 20 फीसदी ज्यादा कार्गो को हैंडल करने में सक्षम है। गति की उपस्थिति पूरे देश के रणनीतिक स्थानों पर है। जीईएससीपीएल त्योहारी सीजन के दौरान उन क्षेत्रों में एसएमई को भौगोलिक दृष्टि से ज्यादा बड़ा बाजार बनाने में मदद करेगी। गति के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजेश गौरीनाथ ने त्योहारी सीजन की तैयारियों के बारे में कहा, हम बढ़ी त्योहारी मांग और ऑर्डर वॉल्यूम में बढ़ोतरी को पूरा करने के लिए अपनी बढ़ी हुई डिलीवरी क्षमताओं के साथ पूरी तरह से तैयार हैं. हमें उम्मीद है साल वर्ष त्योहारी मांग में 18-20 फीसदी की वृद्धि होगी. हमने त्योहारों के दौरान वॉल्यूम-बेस्ड ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स फुलफिलमेंट के लिए अपनी नेटवर्क कैपेसिटी में 20-25 फीसदी की वृद्धि की है, ताकि सीजन के पीक लोड को संभाल सकें और बेहतर डिलीवरी एफिशिएंसी तैयार कर सकें।
जीईएससीपीएल ऑलकार्गो ग्रुप की ताकत के साथ लॉजिस्टिक्स की हर तरह की जरूरतों के लिए इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स सर्विस ऑफर करती है और 180 देशों में परिचालन का ग्लोबल नेटवर्क मुहैया कराती है।

## एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
वित्त वर्ष 2012 में राजस्व के मामले में भारत के शीर्ष तीन हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स में से एक, एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में 10,000 मिलियन तक का फ्रेश इश्यू और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 8,557,597 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। बिक्री के प्रस्ताव में प्रभात अग्रवाल द्वारा 534,082 इक्विटी शेयर, ऑबीमेंड एशिया श्री मॉरीशस लिमिटेड द्वारा 7,500,000 इक्विटी शेयर, प्रेमसेठी द्वारा 353,302 इक्विटी शेयर, चेतन एम.पी. द्वारा 4,401 इक्विटी शेयर, दीपेश टी. गाला द्वारा 1,320 इक्विटी शेयर, हेमंत जोस बैरोस द्वारा 8,802 इक्विटी शेयर तक, हेमंत जग्गी द्वारा 4,401 इक्विटी शेयर तक, के.आर.वी.एस. वरप्रसाद द्वारा 2,201 इक्विटी शेयर तक, के.ई. प्रकाश द्वारा 39,610 इक्विटी शेयर तक और लवु सहदेव द्वारा 1,320 इक्विटी शेयर तक शामिल हैं।

## वैश्य चेतना यात्रा का भव्य स्वागत होगा: राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
**वैश्य मोटर** साइकिल चेतना यात्रा का आगामी 18 सितंबर को शहर में पहुँचने पर भव्य स्वागत किया जायेगा और वैश्य समाज राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती की पूर्व संध्या पर जींद के अर्जुन स्टेडियम में आयोजित वैश्य संकल्प रैली में बढ़ चढ़ कर भाग लेगा। यह निर्णय बुधवार रात्रि अग्रवाल सदन मंडी में हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, अग्रोहा विकास ट्रस्ट, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन, सकल जैन समाज, श्री राम मंदिर एवं अग्रवाल धर्मशाला के पदाधिकारियों की आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए वैश्य महासम्मेलन के



प्रदेशाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि जो समाज संगठित नहीं है उसका कोई बल नहीं है और जिसका कोई बल नहीं है, उनकी समस्या का कोई हल नहीं है, इसलिए 12 वर्षों बाद हो रही रैली को वैश्य समाज के महाकुम्भ में परिवर्तित कर दो। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि जिस समाज की बेटियाँ और युवा कमान संभल लेती है वह समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ता रहता है। इससे पूर्व राजीव जैन ने गोहाना बैठक कर वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा का स्वागत की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा के स्वागत के लिए शहर में होर्डिंग, स्वागत द्वार लगाने तथा जगह जगह पुष्प वर्षा करने बारे सुझाव दिए गए। महाराजा अग्रसेन चौक मुरथल रोड पर माल्यार्पण करके यात्रा का स्वागत किया जायेगा।
बैठक में जिलाध्यक्ष नवीन मंगला, निगम पार्षद अतुल जैन, जिलाध्यक्ष संजय सिंगला, प्रदीप बंसल, पवन गुप्ता, अनिल गुप्ता, सीमा गोयल, श्वेता गर्ग, बबिता जिंदल, राजीव अग्रवाल, सुरेश जैन अधिवक्ता, सुरेश गुप्ता, अशोक गर्ग, राजेंद्र गोयल, अनिल जैन, महेंद्र जैन, राजेश गुप्ता, सुभाष गुप्ता, अजय गोयल, राम नारायण गोयल, राकेश गोयल, बाबू राम गुप्ता, नरेश जैन, नितिन जैन, जितेंद्र गुप्ता, प्रवीण गोयल, मनीष गुप्ता पहलवान, रोशन सिंगला आदि सैंकड़ो वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

# विधायक सुरेन्द्र पंवार ने मनाया भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने सेकयफ-15 स्थित निवास स्थान पर कांग्रेसजनों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जन्मदिवस केक काटकर व पुनीत कार्य करके धूमधाम से मनाया। विधायक सुरेंद्र पंवार व सभी कांग्रेसजनों ने नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जन्मदिवस की बधाई दी। इसके उपरांत विधायक सुरेन्द्र पंवार ने नई दिल्ली स्थित निवास स्थान पर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को बुके भेंट कर व मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। विधायक सुरेंद्र पवांर ने केक कटिंग सेरेमनी के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते



हुए कहा कि आज का दिन बड़ा ऐतिहासिक दिन है, आज के दिन नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जन्म हुआ था। नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा
ने अपना सम्पूर्ण जीवन प्रदेश व देश को समर्पित किया है। आज भी वह अपने जीवन का प्रत्येक क्षण लोगों के बीच व्यतीत करते है। आज जन-जन की पसंद बने हुए है। उन्होंने कहा कि चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा का व्यक्तित्व इतना सरल व सहज है कि वह किसी को यह महसूस भी नहीं होने देते की वह इतने बड़े व्यक्तित्व के धनी है।
हमेशा बच्चो से लेकर बुजुर्गों में घुल-मिलकर रहते है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रत्येक वर्ग की बुलंद आवाज है। इस दौरान पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुरेंद्र छिक्कारा, सुरेश त्यागी, सन्तोष गुलिया, कमला मलिक, युवा जिलाध्यक्ष ललित पंवार, प्रेम नारायण गुप्ता, कुलदीप देशवाल, पवन प्रधान, बंशी कुंडू, हरेंद्र, पंडित राजेन्द्र गौड़, बिन्नी भारद्वाज, डॉ राकेश, राजेन्द्र, महेंद्र, हरविंद्र, सियाराम आंतिल, राहुल, नीरज, आनन्द, भारत भूषण, भारत भंजन, सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 27वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन की उत्साहपूर्ण शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सावन** कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने बुधवार को कृपाल बाग, दिल्ली में 27वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। पिछले तीन दशकों से सभी धर्मों के नेताओं को एक मंच पर बिठाने वाला यह विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन शांति, आध्यात्मिकता और मानव एकता का प्रतीक है। इस वर्ष भी आध्यात्मिक रूप से विकास करने वाले इस सम्मेलन को भारी प्रशंसा मिली क्योंकि संत



राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कई गणमान्य अतिथियों के समक्ष विनम्रता और दिव्य-प्रेम के विषय पर अपने विचार रखते हुए हजारों लोगों को संबोधित करते हुए सभी को सच्चाई और आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। 13 सितंबर को सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर एक आध्यात्मिक तरही मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें पूजनीय माता रीटा जी ने संत दर्शन सिंह जी महाराज द्वारा लिखित एक सुंदर गजल अपने मधुर कंठ से गाकर मुशायरे की शुरूआत की।
इस अवसर पर कई प्रसिद्ध ऊर्दू शायरों ने अपनी कलाम के द्वारा लोगों को आध्यात्मिकता और मानवता का संदेश दिया।

## संपादकीय

# भीड तंत्र के खतरों से अनभिज्ञ समाज

**देश** के कई राज्य हिंसा तथा चुनाव की प्रतिस्पर्धा से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर और पश्चिम बंगाल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है। राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे है । भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग। वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं।
और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है। भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है।


# अब जन्म प्रमाण पत्र को हल्के में नहीं लीजिएगा जी !



किशन भावनानी

> "चीफ रजिस्ट्रार राज्यों के स्तर पर डेटा मेंटेन करने का काम करेगा. वहीं ब्लॉक स्तर पर यह काम रजिस्ट्रार का होगा. इससे देश भर में जन्म और मृत्यु का नेशनलडाटाबेस तैयार करने में मदद मिलेगी और राशन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड जैसे कई डेटा बेस को तैयार करने में आसानी होगी।नया कानून रजिस्टर्ड बर्थ-डेथ का नेशनल और स्टेट लेवल डेटा बेस बनाने में भी मदद करेगा। इससे पब्लिक सर्विसेज बेहतर तरीके से डिलीवर की जा सकेंगीं। साथियों बात अगर हम इस कानून द्वारा लागू होने पर संविधान में प्राप्त कुछ अधिकारों का उल्लंघन कर सकता है जो विचारणीय है वह मुद्दे और धाराएं इस प्रकार हैं जन्म प्रमाणपत्र का उपयोग बिल में कुछ उद्देश्यों के लिएव्यक्तियों के जन्म प्रमाणपत्र की आवश्यकता बताई गई है"

**वैश्विक** स्तरपर दुनिया का हर देश अब जान गया है कि भारत विजन 2047 के लिए बुलेट ट्रेन की तेजी से काम कर रहा है। अपने पुराने कानूनों में संशोधन, नए-नए कानूनों को बनाना, विवादित नियमों को हटाना और प्रत्येक क्षेत्र का डेटाबेस डिजिटाइजेशन में कन्वर्ट करना भारत की प्राथमिकता बन चुका है। भारत के बढ़ते रुतबे को देखते हुए दुनिया के अनेक देशों के नागरिकों की भारत में बसने की लालसा जाग उठी है, तो वहीं शासकीय योजनाओं लाभार्थियों, हितों, सरकारी सहायता प्राप्त करने, जन्म मृत्यु का इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस तैयार करने इत्यादि अनेककारणों से इनसे संबंधित प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने मंत्रिमंडलीय बैठक में में यह विधेयक पारित किया था। फिर उसे मानसून सत्र में लाकर 1 अगस्त 2023 को लोकसभा में और 7 अगस्त 2023 को राज्यसभा में पारित किया, जिसे राष्ट्रपति की स्वीकृति हस्ताक्षर के बाद अब कानून बन गया है, जिसे 13 सितंबर 2023 को भारत के राज्पत्र में अधिसूचना जारी कर 1 अक्टूबर 2023 से लागू करने की जानकारी दी गई है जिससे जन्म मृत्यु का पंजीकरण करवाना अनिवार्य और सभी शासकीय कार्यों हितों हेतु प्रक्रिया में इसे अनिवार्य बनाया गया है। बता दें जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 को 54 वर्षों के बाद पहली बार इस अधिनियम में संशोधन हुआ है जिसे रेखांकित करना जरूरी है। चूंकि शासकीय कार्यों लाभों हितों के लिए जन्म प्रमाण पत्र एक सिंगल डॉक्यूमेंट के रूप में उपयोग होगा, इसीलिए इसे हल्के में नहीं लेना समय की मांग है, इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सुनिए जी ! अब जन्म प्रमाण पत्र को हल्के में नहीं लीजिएगा जी! शासकीय प्रक्रिया में प्रमाण का अनिवार्य सिंगल दस्तावेज हो गया है। साथियों बात अगर हम जन्म मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 की करें तो दरअसल 13 सितंबर को गृह मंत्रालय ने एक नोटिस जारी कर बताया कि 1अक्टूबर 2023 से जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 लागू हो रहा है। इस नियम में कहा गया है कि सभी नागरिकों को बर्थ और डेथ के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य हो जाएगा। जन्म प्रमाण पत्र को सिंगल डॉक्यूमेंट के तौर पर इस्तेमाल करने की जानकारी कानून के रूप में सामने आई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक आगामी 1 अक्टूबर से लागू हो जाएगा।इस संशोधितकानून के लागू होने से कई महत्वपूर्ण कामों में बर्थ सर्टिफिकेट सिंगल डॉक्यूमेंट के तौर पर इस्तेमाल होगा। जैसे कि शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता सूची तैयार करने आधार संख्या, विवाह पंजीकरण और सरकारी नौकरी में नियुक्ति के लिए एकल दस्तावेज के तौर पर इस्तेमाल होगा।नया कानून रजिस्टर्ड बर्थ-डेथ का नेशनल और स्टेट लेवल डेटा बेस बनाने में भी मदद करेगा। इससे पब्लिक सर्विसेज बेहतर तरीके से डिलीवर की जा सकेंगीं। ये नया नियम 1 अक्टूबर या इसके बाद बनने वाले बर्थ सर्टिफिकेट पर लागू होगा। कानून लागू होने से सबसे बड़ा बदलाव यह होगा कि बर्थ और डेथ सर्टिफिकेट डिजिटल रूप से भी मिल पाएगा। अभी इसकी हार्ड कॉपी ही मिल पाती है। इसके लिए भी कई-कई दिनों तक दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं।अभी तक आधार को हर जगह पहचान पत्र की तरह यूज किया जाता है। इसे अपने दूसरे डॉक्यूमेंट और अकाउंट से लिंक कराने की जरूरत पड़ती है। उसी तरह ये बर्थ-डेथ सर्टिफिकेट होगा, जो कि बर्थ और डेथ प्रूफ के लिए हर जगह पर सर्वमान्य पहचान पत्र की तरह काम करेगा। साथियों बात अगर हम इस नए अधिनियम के कारणों और फायदे की करें तो, दरअसल, इस कानून का मुख्य उद्देश्य पंजीकृत जन्म और मृत्यु के लिए एक राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय डेटाबेस स्थापित करना है। कानून जन्म प्रमाण पत्र को किसी व्यक्ति की जन्म तिथि और स्थान के निश्चित प्रमाण के रूप में स्थापित करेगा। यह नियम जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 के लागू होने पर या उसके बाद पैदा हुए लोगों पर लागू होगा। यह प्रमाणपत्र स्कूलों में प्रवेश, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, मतदाता सूची तैयार करने, विवाह पंजीकरण, सरकारी रोजगार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, पासपोर्ट और आधार नंबर जारी करने सहित विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा। इसके अलावा यह कानून गोद लिए गए, अनाथ, परित्यक्त और सरोगेट बच्चों के साथ-साथ एकल माता-पिता या अविवाहित माताओं के बच्चों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाएगा। जन्म और मृत्यु पंजीकरण के नियमों में बदलाव के पीछे मुख्य मकसद यह है कि इससे केंद्र और राज्य स्तर पर जन्म और मृत्यु का डेटाबेस तैयार किया जा सके। इस नियम के लागू होने के बाद राज्य और केंद्र सरकार जन्म और मृत्यु के डेटा को आपस में आसानी से साझा कर पाएंगी। इसके लिए राज्यों के तरफ से चीफ रजिस्ट्रार और रजिस्ट्रार की नियुक्ति की जाएगी. चीफ रजिस्ट्रार राज्यों के स्तर पर डेटा मेंटेन करने का काम करेगा. वहीं ब्लॉक स्तर पर यह काम रजिस्ट्रार का होगा. इससे देश भर में जन्म और मृत्यु का नेशनलडाटाबेस तैयार करने में मदद मिलेगी और राशन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड जैसे कई डेटा बेस को तैयार करने में आसानी होगी।नया कानून रजिस्टर्ड बर्थ-डेथ का नेशनल और स्टेट लेवल डेटा बेस बनाने में भी मदद करेगा। इससे पब्लिक सर्विसेज बेहतर तरीके से डिलीवर की जा सकेंगीं।
साथियों बात अगर हम इस कानून द्वारा लागू होने पर संविधान में प्राप्त कुछ अधिकारों का उल्लंघन कर सकता है जो विचारणीय है वह मुद्दे और धाराएं इस प्रकार हैं जन्म प्रमाणपत्र का उपयोग बिल में कुछ उद्देश्यों के लिएव्यक्तियों के जन्म प्रमाणपत्र की आवश्यकता बताई गई है। यह प्रावधान इस बिल के लागू होने के बाद जन्मे व्यक्तियों पर लागू होगा। इन उद्देश्यों में निम्नलिखित शामिल हैं: (८) किसी शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश, (८) मतदाता सूची तैयार करना, (८) सरकारी पद पर नियुक्ति, (५) विवाह का पंजीकरण, और (५) केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित कोई अन्य उद्देश्य। इनमें से कुछ उद्देश्य संवैधानिक अधिकार हैं जो नागरिकों के पास हैं, और उन्हें जन्म प्रमाणपत्र के साथ सशर्त बनाना, उन अधिकारों का उल्लंघन हो सकता है। (1)स्कूल में प्रवेशः जन्म प्रमाणपत्र के बिना किसी बच्चे को स्कूल में प्रवेश से वंचित करना अनुच्छेद 21ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन हो सकता है। शिक्षा का अधिकार एक्ट, 2009 के तहत, प्रारंभिक शिक्षा में प्रवेश के लिए, बच्चे की उम्र उसके जन्मप्रमाण पत्र या किसी अन्य दस्तावेज, जिसे निर्दिष्ट किया जा सकता है, के आधार पर निर्धारित की जाती है। एक्ट में यह प्रावधान भी है कि आयु का प्रमाण न होने पर किसी भी बच्चे को स्कूल में प्रवेश से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। बिल ऐसी कोई छूट प्रदान नहीं करता है। इसका तात्पर्य यह है कि अगर किसी बच्चे का जन्म पंजीकृत नहीं किया गया है, तो उसे जीवन भर शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश से वंचित किया जा सकता है।(2)वोट देने का अधिकारः अनुच्छेद 326 गारंटी देता है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को वोट देने का अधिकार है। इस अधिकार में कटौती की जा सकती है, अगर कोई व्यक्ति कुछ अयोग्यताओं के अधीन है, जैसे वह नॉन-रेसिडेंस है, उसका मस्तिष्क अस्वस्थ है, वह अपराधी, भ्रष्ट है या गैरकानूनी आचरण करता है। जन्म प्रमाणपत्र (आयु प्रमाण के लिए) न होना, उल्लिखित अयोग्यता के अंतर्गत नहीं आता है।(3)जन्म के रिकॉर्ड को आधार से लिंक करना-बिल माता-पिता और जन्म की सूचना देने वाले व्यक्ति (सूचनादाता) के आधार विवरण को बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र से जोड़ता है।




## कविता

उसे हंस लेना चाहिए था।

चलते चलते रुक गया वह
जाकर भी नहीं जा पाया वह
सोचने और सोचने के पहले
और फिर बाद में।

सोचना रुक सा गया था
याद आती बातों को
अपने हाथों में भींचना चाहता था
पर नहीं कर पाया ऐसा
पकड़ लेता उन यादों को,

जो पिछले सालों से
लगातार पास आकर
बिना कुछ कहे चले जाती थी
पूरी पूरी तरह दूर भी नहीं जाती
हाथों की उंगलियों की दरारों से
फिसल कर दिमाग मैं घूम फिर कर
वापस जाकर गुम हो जाती।

आती-जाती बातों से
उसका फिर हवा में
उसका सिर टकराया भी
बातें लंबी चौड़ी थी
ज्यादातर आकार नहीं होता था
फिर अपनी मिच-मिचाती आंखों से
देख नहीं पाया बातों को
बातों का चेहरा तिरछा था शायद।

संजीव
---------

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का उल्टा हो रहा

**अशोक भाटिया**

**भारत** में सदियों से महिलाओं को शिक्षा एवं समाज में बराबरी के अधिकार से वंचित रखा गया था पर आज संवैधानिक अधिकार के तहत भारत की लाखो बेटियों ने अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन करने में कामयाब हुई तब जाकर सरकार ने भी लोगो को जागरूक करने हेतु बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का संचालन प्रारंभ किया। और शिक्षा ही एकमात्र ऐसा शस्त्र है जिसके बल पर संपूर्ण विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया जा सकता है। इसलिए इस अभियान का नाम ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियानह्व रखा गया है। पर इस समय बिहार में बेटी न मार से न बच रहीं है न पढ़ पा रही है । सोचिए, जिस देश में ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व की मुहिम चल रही हो, जिस देश की बेटियां दुनिया में नाम रौशन कर रही हों, जिस देश की बेटियां फाइटर जेट उड़ा रही हों, जिस देश की महिला वैज्ञानिक चन्द्रयान को चांद पर पहुंचा रही हों, उस देश में अगर बेटियों को अपनी पढ़ाई के अधिकार के लिए सड़क पर आना पड़े, तो इससे ज्यादा शर्मनाक बात और क्या हो सकती है? हाल ही में बिहार के वैशाली जिले से बहुत ही शर्मनाक घटना सामने आई है । टी वी व बिहार के स्थानीय समाचार पत्रों में आ रही खबरों के अनुसार वैशाली जिले में गल्?स हाई स्?कूल मनहार की छात्राओं ने शाला में बैठने की की बहुत खराब व्?यवस्?था है जिसको लेकर वहां की छात्राओं जमकर हंगामा किया। इस दौरान नाराज छात्राओं ने नारेबाजी की और एक सरकारी वाहन पर पथराव किया। हालांकि वाहन में कोई बैठा नहीं था। छात्राओं के हंगामें को लेकर महनार के एसडीओ ने कहा कि स्कूल में क्षमता से अधिक छात्राओं का प्रवेश हुआ है। इस संबंध में बताया गया कि उच्च विद्यालय महनार बालिका की छात्राएं लगातार विद्यालय आ रही हैं, लेकिन विद्यालय में छात्राओं का नामांकन अधिक होने और उनके बैठने की व्यवस्था नहीं की गई है। विद्यालय में 2080 छात्राओं का नामांकन है, जबकि 600 से 700 छात्राओं के ही बैठने की व्यवस्था है। शिक्षा विभाग की ओर से छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थित अनिवार्य करने के कारण छात्राएं भारी संख्या में विद्यालय पहुंच रही हैं। इसके कारण उन्हें बैठने तक की जगह नहीं मिल पाती है। प्रत्येक दिन लगभग यही स्थिति बनती है। इन्हीं सब बातों से आक्रोशित छात्राओं ने गुरुवार को शिक्षा विभाग के विरुद्ध बगावत करते हुए विद्यालय के सामने सड़क पर निकाल कर हाजीपुर-महनार एनएच 122 बी को जाम कर दिया था। सड़क जाम करने के बाद कुछ छात्राएं मदन चौक पर आ गई और यहां भी उन्होंने सड़क को जाम कर दिया, जिससे पूरे बाजार में अपरा-तफरी की स्थिति बन गई। मदन चौक से लेकर विद्यालय तक का इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। सड़क जाम कई घंटों तक चला।

## विचार

# विश्वकर्मा योजना आखिर सुध ली गई हाशिए पर खड़े समाज की

**आर.के. सिन्हा**

**कभी** यह भी सोचा जाना चाहिए कि देश के आजाद होने के इतने दशक गुजरने के बाद भी हमने मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार, कुम्हार जैसे निचले स्तर पर काम करने वालें कुशल कामगारों के हितों को लेकर कोई व्यापक नीति क्यों नहीं बनाई? अगर इनके बारे में पहले सोचा जाता तो ये भी देश के विकास का लाभ ले रहे होते। इनकी अनदेखी तो हुई। हां, इतना सुकून किया जा सकता है कि अब इनके बारे में सोचा जा रहा है। अब सरकार इनकी जिंदगी में खुशियां लाने के लिये विश्वकर्मा योजना लेकर आ रही है। इस योजना के ऊपर अगले पांच साल में 13 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 17 सितंबर को जन्म दिन पर शुरू होने वाली इस योजना के तहत मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार कुम्हार आदि को पांच प्रतिशत की दर से एक लाख रुपये और दूसरे चरण में दो लाख रुपये का कर्ज मिल सकेगा। शिल्पकारों और कामगारों को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। ट्रेनिंग लेने वालों को हर दिन 500 रुपये का मानदेय देने की व्यवस्था हो रही है।
सच में अफसोस होता है कि हमारे नीति निर्धारक इतने संवेदनशील भी नहीं रहे जिससे कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिये कल्याणकरी योजनाएं बन पातीं। क्या ये हमारे देश-समाज में शामिल नहीं हैं? हमने इनकी इतनी बेकद्री क्यों की? क्या ए वोट बैंक का हिस्सा नहीं थे ? राजकपूर की 1954 में रीलिज हुई अमर फिल्म बूट पालिश के पात्र भोला जैसे बच्चे देश के तमाम शहरों के बाजारों में आराम से देखने को मिलते हैं। बूट पालिश फिल्म के विपरीत असली जिंदगी में भोला जैसे किसी बच्चे के साथ उसकी बहन बेलू या कोई और लड़की नहीं होती। ये जगह-जगह अपने एक लकड़ी के बने डिब्बे के साथ बैठे होते हैं। उसमें अलग-अलग रंगों की पालिश,ब्रुश और कपड़े होते हैं। कुछे के पास मोची का सामान भी होता है। ये इन्हीं से अपने ग्राहकों के जूते सैंडिल वगैरह चमकाते और बनाते हैं। ये 15 साल से 55 साल तक मिलेंगे। कई-कई तो बूट पालिश का काम करते हुए ही अधेड़ हो गए हैं। ये जब काम करने लगते हैं तो ये बच्चे होते हैं। घर की कमजोर माली हालत के चलते पढ़ नहीं पाते और फिर करने लगते हैं बूट पालिश और मोची का काम। इनकी कभी कोई मदद नहीं करता। कुछ दिन पहले राजधानी में समाप्त हुये जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति लूला भी पधारे थे। वे भी एक मोची परिवार से थे। उन्होंने भी बचपन में बूट पालिश की थी । आज वे विश्व के बेहद असरदार नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। कहने का मतलब ये है कि अगर हमने अपने समाज के हाशिये पर धकेले गये लोगों को पर्याप्त अवसर दिये होते तो वे भी देश की मुख्यधारा का हिस्सा होते। खैर, अब उन्हें अवसर मिलेंगे तो वे आगे बढ़ेंगे। विश्वकर्मा योजना के बहाने कुतुब मीनार की चर्चा करना समीचिन होगा। कुतुब मीनार के निर्माण में विश्वकर्मा जी का भी आशीर्वाद रहा है। यह तथ्य इतिहास के पन्नों में दर्ज है। हुआ यह कि सन 1369 में बिजली गिरने के कारण कुतुब मीनार की ऊपरी मंजिलों के कुछ हिस्से भी क्षतिग्रस्त हो गये थे। तब दिल्ली की गद्दी पर फिरोजशाह तुगलक का राज था। उन्होंने कुतुब मीनार के क्षतिग्रस्त भागों की मरम्मत के आदेश दिए। उनके आदेश के बाद कुतुब मीनार की पांचवीं मंजिल नए सिरे से बनाई गई। उसमें संगमरमर का भी भरपूर इस्तेमाल भी किया गया। इतिहासकार डॉ स्वपना लिड्डल कहती हैं कि कुतुब मीनार के मरम्मत के काम को अंजाम देने वाले आर्किटेक्ट, ठेकेदारों और मजदूरों ने निर्माण स्थल पर अपने नाम जैसे नाना,साल्हा, लोला लक्ष्मना भी लिख दिए। उन्होंने यह भी लिख दिया कि उनका सारा काम विश्वकर्मा के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। यह सब अब भी लिखा हुआ है। एएसआई की एक रिपोर्ट में संस्कृत में उत्कीर्ण ठेकेदारों तथा मजदूरों के उदगार लिखे मिलते हैं। बेशक, विश्वकर्मा योजना उन लाखों-करोड़ों लोगों की जिंदगी में ना केवल सकारात्मक बदलावों का वाहक बनेगी बल्कि विकसित भारत का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। भारत की जीडीपी में असंगठित क्षेत्र का योगदान लगभग 50 फीसदी है। देश के श्रमबल का 90 फीसदी असंगठित क्षेत्र में काम करता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पाकिस्तान की कमर तोड़ने से ही आतंकवाद निस्तेज होगा

**ललित गर्ग**

**जी-20** की शानदार एवं ऐतिहासिक सफलता से बौखलाये पाकिस्तान ने एक औछी, अमानवीय एवं अराजक घटना को अंजाम देते हुए अनंतनाग में आतंकवादी घटना में हमारी सेना के दो बड़े अधिकारी और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक के प्राण ले लिये है, यह घटना पडोसी धर्म पर एक बदनुमा दाग ही नहीं, बल्कि हिंसा एवं उन्माद की चरम पराकाष्ठा है। आज पाकिस्तान जिस आर्थिक दुर्दशा एवं बदहाली का शिकार है, उसमें ऐसी अराजक घटनाओं को प्रश्रय देना उसके लिये घोर अंधेरा का सबब ही बनेगा। शायद पाकिस्तान अब भी यह नहीं समझ पाया है कि पड़ोसियों से अच्छे संबंध कितने जरूरी है, इन्हें सुदृढ़ बनाकर ही विश्व राजनीति में अपनी राजनीतिक और आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सकती है। भारत की दुनिया में बढ़ती साख एवं उसकी मजबूत होती आर्थिक स्थितियों में कोई भी समझदार देश उससे दुश्मनी की नहीं सोच सकता। दुनिया के सभी देश, भले ही वे महाशक्तियां ही क्यों न हो, भारत के साथ रहने में ही अपना भला देख रही है, फिर पाकिस्तान क्यों नादानी पर उतरा है। पाकिस्तान की जनता भी यह बात भली भांति समझ रही लेकिन उसके नीति निर्धारकों एवं शासकों को यह बात समझ नहीं आ रही। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कुछ और कठोर उपाय करने होंगे। निश्चित ही अनंतनाग में आतंकियों से लड़ते हुए सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं बट का बलिदान देश के लिए एक बड़ी एवं अपूरणीय क्षति है। ये तीनों ही अफसर अपनी दिलेरी के लिए जाने जाते थे और उन्होंने अतीत में कई आतंकवाद विरोधी अभियानों को सफलतापूर्वक संचालित किया।
उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए और आतंकियों का चुन-चुनकर सफाया करने के साथ ही पाकिस्तान को नए सिरे से सबक सिखाया जाना चाहिए, क्योंकि जिस आतंकी गुट के आतंकियों के घात लगाकर किए गए हमले में हमारे बहादुर अफसर वीरगति को प्राप्त हुए, वह भले ही स्वयं को स्थानीय बताता हो, लेकिन उसे पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन लश्कर का हर तरह का सहयोग एवं समर्थन हासिल है।

## ओम् स्वाहा...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**चुनावी वा**दे भगवीता के सार की तरह होते हैं। जो कल किसी का था, आज वह किसी का है और परसों किसी और का होगा। इस सार से सत्ता और विपक्ष दोनों डरते हैं। साथ ही लाभ भी उठाते हैं। पार्टियाँ प्रायः चुनाव के समय डरी-डरी सी रहती हैं। बाकी दिनों में जनता को डराती रहती हैं। पार्टियों को बड़े खतरे की आशंका हुई। कुछ शुभचिंतकों ने सोचा कि इससे पहले पानी सिर के पार हो जाए आलाकमान को सचेत करने में अपनी भलाई है। भली-भांति जानते हैं कि सरकारी व्यवस्था में सरकार हमेशा चाकू और शुभचिंतक तरकारी की तरह होते हैं। हर हाल में कटना तो तरकारी को ही है। बात जब आलाकमान तक पहुंची तो मुखिया पहले थोड़ा परेशान हुए। फिर सोचा मुखिया का काम तो परेशान करना होता है न कि परेशान होना। वैसे भी बैसाखी और परेशानी से चलने वाला कोई भी मुखिया मुंह के बल धड़ाम से गिरता है। अफरा-तफरी में आपातकालीन बैठक बुलाई गई।

आपातकालीन बैठक में हमेशा आपातकाल के नाम पर आफत काल का माहौल तैयार होता है। यही वह मौका होता है जब आलाकमान के सभी लोग एक दूसरे से मिल बैठकर तोड़ने जोड़ने और अपनी भड़ास निकालने का पूरा लाभ उठाते हैं। इसीलिए आलाकमान बैठकों से अधिक उठापटक में विश्वास रखता है। जैसे तैसे आलाकमान की बैठक आरंभ हुई। मुखिया ने अपनी गिद्दी नजर सब पर गड़ाई। उन्हें डराने लगा। कहा- हमारे पीठ पीछे पार्टी की थाली में छेद करने की साजिश रची जा रही है।

हमारा विरोधी कुछ बड़ा करने की फिराक में है। आज के समय में विरोधी का जीवित रहना हमारी नपुंसकता का परिचायक है। मुखिया की बात सुन सभी गहरे चिंतन में डूब गए। या यूँ कहिए सोचने के नाम पर कुछ सो गए तो कुछ खो गए। वैसे भी भीड़ में कभी सांप नहीं मरता। मुखिया जान गए थे कि जिन्होंने जीवन भर लूटपाट, डकैती और डकारने के लिए हाथ पैर और पेट का इस्तेमाल किया हो उनसे बुद्धि वाला कार्य करवाना सबसे बड़ी बेवकूफी है।

## न्यूज फ्लैश

### वृद्धा पेंषन: 77 प्रतिशत अधिक पात्र लाभार्थियों के खातों में पैसा पहुंचा

**– पात्र 41 हजार 741 खातों में पहुंची वृद्धावस्था पेंशन**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृद्धावस्था पेंशन का लाभ सिर्फ पात्रों को ही मिले और कोई पात्र योजना से वंचित नहीं रहे इसके लिए सरकार द्वारा पेंशन के हकदार पात्र लोगों के खातों को आधार से लिंक करना अनिवार्य कर दिया गया था। इसके बाद कुछ समय के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। इसके बाद धीरी धीरे वृद्धावस्था पेंशन के हकदारों के खातों में पेंशन का पहुंचना पेंशन का पहुंचना प्रारंभ हो गया। प्रक्रिया में हुए इस परिवर्तन के बाद करीब 77 प्रतिशत से अधिक पात्र खाताधारकों के खातों में सीधे पेंशन पहुंच रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जनपद में वृद्धावस्था पेंशन के लगभग 52 हजार पात्र हैं। आधार सीडिंग की प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद अब तक 41 हजार 741 पात्र लाभार्थियों के खातों में पेंशन पहुंचना शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि कई पात्र लाभार्थियों के बैंक में एक से अधिक खाते हैं। जो खाता हमारे यहां लिंक है हो सकता है वह आधार से जुड़ा न हो। जिसकी वजह से उनकी पेंशन खातों में नहीं पहुंच रही हो। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि अब उन्हीं पात्र वृद्धावस्था पेंशन धारकों के खातों में पैसा पहुंचेगा जिनके खाते आधार से लिंक है। जो व्यक्ति पात्र हैं और पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है वह जल्द से जल्द इस काम पूरा करा लें।

### सात राज्यों के तीन हजार से अधिक भक्त करेंगे गिरिराज जी की परिक्रमा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

श्री उत्तम स्वामी गुरू भक्त मंडल द्वारा मथुरा वृंदावन गिरिराज यात्रा प्रारंभ की जा रही है। जिसमें सात राज्यों के तीन हजार से अधिक भक्त सम्मिलित होंगे। यात्रा महर्षि ध्यानयोगी स्वामी श्री उत्तम स्वामी महाराज के सानिध्य में होगी। भक्त मंडल के कमलेश खंडेलवाल ने बताया कि 16 सितंबर से शुरू होने वाली गिरिराज यात्रा में सात अलग अलग राज्यों के तीन हजार से अधिक भक्त अपनी सहभागिता करेंगे। भक्त ट्रेन से मथुरा पहुचेंगे।

### आतंकी घटना के खिलाफ रोष, कांग्रेस ने निकाला जुलूस

**–होली गेट से विकास बाजार तक कांग्रेसियों ने किया शहीदों के सम्मान में पैदल मार्च**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

अनंतनाग जिले में आतंकी घटना में एक कर्नल, एक मेजर, एक जम्मू कश्मीर के डीएसपी रैंक के अधिकारी शहीद हो गए। एक सेवा का जवान राजौरी में शहीद हुए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा ने आतंकी हमले का विरोध करते हुए एक कैंडल मार्च जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में निकाला गया। जुलूस विकास बाजार स्थित गांधी प्रतिमा तक पहुंचा। जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहाकि यह बड़ा दुख का विषय है। जिस समय पर यह घटना हुई उस समय देश के प्रधानमंत्री जी 20 सम्मेलन के आयोजन का जश्न भाजपा मुख्यालय में बनाने जा रहे थे। ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री को इस घटना के संदर्भ में सूचना नहीं मिली हो परंतु प्रधानमंत्री के द्वारा भाजपा मुख्यालय में जश्न बनाया गया। कैंडल मार्च में प्रदेश सचिव विनेश सनवाल, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष यतेंद्र मुकदम, जिला महासचिव बृजेश कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, ठाकुर नरेश पाल सिंह जैसावत, सेवा दल के प्रमुख प्रकाश शर्मा, युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष हरीश पचौरी, अशोक शर्मा, मनोज गौड़, निलेश जदौन, मुकेश सिसोदिया, मोहम्मदआबाद, ठाकुर प्रिये पाल सिंह, जिला महासचिव मनोज कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जंगल में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत गांव तेहरा के जंगल में शुक्रवार सुबह एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव जंगल में पड़ा मिला। राहगीरों ने पीआरवी को सूचना दी। मौके पर पहुंची जैत पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। परंतु कोई सफलता नहीं मिली। मृतक ने चेक की शर्ट व ग्रे कलर का पेंट पहन रखा। पास ही में दारू का रेपर भी पड़ा हुआ मिला। एसआई अर्जुन राठी ने बताया शव की शिनाख्त की जा रही है।

### हत्या के आरोपित को गिरफ्तार किया

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना शेरगढ़ पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शेरगढ सोनू कुमार के मुताबिक षुक्रवार को हत्या के अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त रविन्द्र पुत्र लखपत निवासी ग्राम गढी भीमा थाना शेरगढ जनपद मथुरा को कस्बा शेरगढ पीरपुर मोड से गिरफ्तार किया गया।

# घी के नाम पर खा रहे जहर, 8 लाखा का मिलावटी घी जब्त

## -150 से लेकर 600 रुपये प्रति किलोग्राम तक मिल रहा पैकिंग का घी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

हवन और यज्ञ में तथा पूजा के नाम पर 150 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कीमत में बाजार में पैकिंग किया हुआ घी मिल रहा है। जबकि शहर से देहात तक गाय भैंस का घी पशुपालन के यहां 1000 से 1200 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत में मिल रहा है। सामान्यतः बाजार में बिक रहे खाने के घी में 15 किलोग्राम का कनस्तर तीन हजार से आठ हजार रुपये किलो तक में मिल जाता है। शुक्रवार को



अवैध रूप से संचालित एक घी निर्माण केंद्र पर छापेमारी की गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट खोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत यमुना पर लक्ष्मी नगर में सहायक आयुक्त डॉ. गौरी शंकर के निर्देशन में टीम द्वारा अवैध रूप से संचालित एक घी निर्माण केंद्र पर छापा मारा गया। फार्म के मालिक द्वारा मौके पर कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया। निरीक्षण के दौरान घी की पैकिंग तथा मैन्युफैक्चरिंग मानकों को ताक पर रख की जा रही रही थी। घी में गंभीर मिलावट का संदेह होने पर एक नमूना जांच हेतु संग्रहित का प्रयोगशाला भेजा जा रहा है साथ ही लगभग 1200 किलोग्राम 85 टीन घी को जिसकी कीमत लगभग आठ लाख रुपये है को जब्त कर लिया गया है। साथ ही संबंधित मालिक को कारोबार बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री राम भवन भरतपुर गेट स्थित राजेश ट्रेडिंग कंपनी का निरीक्षण कर संदेह होने पर तिल के तेल का एक नमूना संग्रहित किया गया।

शंकर मिष्ठान भंडार से पनीर का सैंपल जांच के लिए संग्रहित किये गये। कार्रवाई के दौरान टीम में एसपी तिवारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा देवराज सिंह, एस एस निरंजन खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं खाद्य सहायक ताराचंद धारियां रिया उपस्थित रहे।

## इंडियन स्वच्छता लीग सीजन 2 शुरू



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत संचालित विशेष स्वच्छता अभियान इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 की राष्ट्रीय स्तर पर शुरूआत हुई है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा जनसहयोग से विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किये जा रहे हैं। इस लीग में नगर निगम की टीम का नाम ह्ममथुरा वृन्दावन कर्मयोगी रखा गया है। टीम के कप्तान के रूप में प्रधानाचार्य बीएसए कॉलेज डा. ललित मोहन शर्मा को बनाया गया है।

इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के अंतर्गत नगर निगम मथुरा वृंदावन एवं पूर्ण प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वाधान में चैतन्य विहार फेस 2 में कम्युनिटी क्लीन अप ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें लॉर्ड कृष्ण पब्लिक स्कूल, क्षेत्रीय पार्षद, लोकल कम्युनिटी मेंबर और नगर निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## अतिरिक्त कर के विरोध में आये व्यापारी



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

छाता नगर पंचायत द्वारा लगाये जा रहे अतिरिक्त वाणिज्यिक नियंत्रण कर एवं उप विधि का विरोध तेज हो गया है। शुक्रवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल छाता इकाई के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुमार फाल्गुन सिंह ठाकुर उर्फ कान्हा को ज्ञापन सौंपा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष भगवानदास ने बताया कि यह ज्ञापन व्यापारियों पर लगाए जा रहे कर के संबंध में दिया गया है। व्यापारी कोरोना की भयावह स्थिति से अभी ठीक से उभर भी नहीं पाया है जो कर लगाया गया है। वह सही नहीं है। व्यापारी देने की स्थिति में अभी नहीं है। इसलिए इस संबंध में ज्ञापन दिया गया है।

इस दौरान महामंत्री हरीश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विष्णु बजाज, नगर संयोजक राजीव कुमार गुप्ता, वरिष्ठ व्यापारी नेता ललित कुमार गुप्ता, रमेश चंद मास्टर, महेंद्र बजाज, बालू भट्ठा वाले, राजू भार्गव, राधे सहित अनेक गणमान्य व्यापारी मौजूद रहे।

## मारपीट के दो मामलों में आठ लोग नामजद

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शहर के निकटवर्ती गांवों की अलग अलग घटनाओं में मारपीट एवं छेडछाड के मामले दर्ज कराए गए। पीड़ित पक्षों ने दोनों मामलों में कुल आठ लोगों को नामजद कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बुखरारी निवासी मंजू पत्नी रोहताश ने दी तहरीर में बताया कि गांव के ही चन्नो पुत्र श्रीचंद निवासी बुखरारी थाना कोसीकला मथुरा जाति ठाकुर द्वारा रात्रि में वादी के घर के दरवाजे पर आकर कोल्ड ड्रिंक मांगी। जिस पर उसने मना कर दिया। इसी बात को लेकर उसने गाली गलौज करनी शुरू की। विरोध करने पर आरोपित चन्नो पुत्र श्रीचंद, शंकर पुत्र श्रीचंद, प्रेम पुत्र श्रीचंद ने उसके पति रोहताश तथा जेठ नानकचन्द के साथ जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते गाली गलौज मारपीट कर दी।

## प्रवर्तन दल ने 11 किलोवाट की बिजली चोरी पकडी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

विद्युत प्रवर्तन दल मथुरा ने नए बस स्टैण्ड के पास एक वाणिज्यिक परिसर में बडी बिजली चोरी पकडी है। खुश्बू पत्नी हिमांशू निवासी एकलव्य ब्रजवासी फूड्स स्वीट्स एवं रूम नया बस स्टैंड मथुरा के पास कार्यवाही की गई। इनके यहां तीन किलो वाट का विद्युत कनेक्शन स्वीकृत था जबकि 11 किलोवाट का भार पाया गया। इनकमिंग केबिल के अलावा एलटी पोल से अतिरिक्त एक और केबिल डालकर बिजली की चोरी की जा रही थी। इसके अलावा नई बस्ती मस्जिद के पीछे कार्यवाही की गई और दस बिजली चोरी के मुकदमे



लिखवाये गये। प्रभारी प्रवर्तन दल रजनेश सिंह ने बताया कि विद्युत चोरी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए विद्युत चोरी रोको व राजस्व वसूली लक्ष्य प्राप्ति एवं हाईलाइन लॉस को कम करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत उपभोक्ताओं की चेकिंग के दौरान पांच किलोवाट अथवा अधिक की बिजली चोरी के मामलों को पकड कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। इस दौरान जेई किशन कुमार सोनकर, क्षेत्रीय जेई अशोक यादव, अरूण कुमार, लक्ष्मीचंद, मुख्य आरक्षी राहुल कुमार, उपखंड अधिकारी सहायक अभियंता राजस्व आदि मौजूद रहे।

## किसान आंदोलनः मोटरसाइकिल रैली निकाल जुटाया समर्थन

**प्रदर्शन**

**-उत्तरी बाईपास पर कट को लेकर 24 वें दिन भी किसानों का प्रदर्शन रहा जारी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

आगरा उत्तरी बाईपास पर अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों का आंदोलन लम्बा खिंचा रहा है। संघर्ष समिति आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए लगातार जनसमर्थन जुटा रहे हैं। आंदोलन के 24 वें दिन आंदोलित किसानों ने बाइक रैली निकाल कर समर्थन जुटाया।



आंदोलित किसानों ने मोटर साइकिल रैली निकालकर प्रदर्शन किया। मोटर साइकिल रैली नेरा से चलकर जमुना नगर होते हुए यमुना एक्सप्रेस वे तक पहुची। इस दौरान तहसीलदार महावन के साथ लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहे। इस बीच किसानों को समझाने बुझाने का भी प्रयास किया गया लेकिन किसान अपनी दो सूत्रीय मांगों पर अड़े रहे। प्रदेश प्रवक्ता भाकियू गजेंद्र परिहार व मंडल अध्यक्ष आगरा रणबीर सिंह चाहर ने कहा कि गूंगी बहरी सरकार को जगाने के लिए किसानों को एकजुटता दिखानी होगी। सुनवाई नहीं हुई तो किसान ट्रैक्टर और ट्राली लेकर तहसील महावन की तरफ कूच करेंगे और महावन तहसील का घेराव करेंगे। जिसके लिए स्वयं मथुरा शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस अवसर पर आगरा मंडल प्रमुख महासचिव जगदीश परिहार, प्रवक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्ण वीर सिंह, मंडल सलाहकार सुखपाल प्रधान, प्रचार मंत्री गिर्राज परिहार, जिला अध्यक्ष आगरा राजवीर लवानिया, जिला उपाध्यक्ष आगरा गिर्राज नौहवार, जिला उपाध्यक्ष राकेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

**फोटो परिचय–**

धरना स्थल पर किसानों को संबोधित करते किसान नेता।

## कंबल की कतरनों में छिपी थी 50 लाख की शराब

**–यमुना एक्सप्रेस वे से हो रही थी शराब की तस्करी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

आबकारी टीम व मांट थाना पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है शुक्रवार दोपहर यमुना एक्सप्रेस वे पर पंजाब से तस्करी कर ले जाई जा रही 50 लाख रुपए की अवैध शराब पकड़ कर दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आबकारी निरीक्षक गौरव मिश्रा व टोल चौकी प्रभारी धीरज कुमार अपने हमराहों के साथ शुक्रवार की दोपहर को यमुना एक्सप्रेस वे के मांट टोल प्लाजा पर एसएसपी के निर्देश पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे,

इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि नॉएडा की ओर से आ रहे ट्रक में अवैध शराब भरी हुई है। सूचना के बाद सभी लोग सतर्क हो गए और टोल पर ट्रक के आते ही उसे रोक लिया गया और उस पर ढ़के त्रिपाल को हटाया तो देखा कि उसमें कंबल की कतरनों के बोरों के बीच शराब की पेटीयां छिपी हैं, तत्काल ट्रक को थाना मांट लाया गया और कंबल की कतरनों के बोरों को हटाया गया तो उसमें 625 पेटी इम्पीरियल ब्लू शराब की रखी थीं।

यह शराब पंजाब के लुधियाना से बिहार तस्करी कर ले जाइ जा रही थी। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 50 लाख रुपए है।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने गिरफ्तार किए आरोपियों के नाम आजाद अली निवासी गांव बर्मा थाना समराला जिला लुधियाना व गुरजीत सिंह निवासी गांव दिवाला थाना समराला जिलाध्यक्ष लुधियाना बताया है।

## आजाद मेव गैंग का सदस्य मुठभेड के बाद गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना वृन्दावन पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत मुठभेड़ के दौरान आजाद मेव गैंग के अन्तर्राज्यीय वाहन चोरी व लूटपाट करने वाले सक्रिय शातिर अपराधी महादेव शर्मा उर्फ मनीष पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी ग्राम पलसों थाना गोवर्धन को गिरफ्तार कर लिया। मनीष के विरूद्ध करीब डेढ दर्जन आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से मनीष घायल हो गया। पुलिस ने इसके बाद मनीष को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इसके कब्जे से चोरी की स्कूटी, एक तमंचा बरामद किया गया है। पुलिस के साथ आरोपित की मुठभेड़ रात्रि में देवरहा बाबा घाट के पास हुई। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन विजय कुमार सिंह के मुताबिक चेकिंग के

## हिन्दी दिवस पर हुई निबंध प्रतियोगिता

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सेनानी आरबी सिंह मार्ग सारंग बिहार बालाजीपुरम नेशनल हाइवे स्थित आरबीएस पब्लिक स्कूल मथुरा में इंजीनियर संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं डा.दिनेश पाठक के मुख्य आतिथ्य में हिन्दी दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम अतिथियों से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पित किये।

इसके बाद सभी अतिथियों का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। अतिथियों ने सभागार में लगाई गई हिन्दी प्रदर्शनी का



अवलोकन किया। तत्पश्चात कलान्जलि निदेशक डा.के उमराव विवेक निधि द्वारा रचित चंदयाष षतक पुस्तक का लोकार्पण डा. दिनेश पाठक, इंजी. संतोष कुमार सिंह, डा.अजय आचार्य, बालेश्वर उपमन्यु, शास्त्री सीवी विकल, डा.योगेश कुमार निर्भीक, मदन मोहन शर्मा अरविंद के सानिध्य में हुआ। इसी कार्यक्रम में डा. योगेश कुमार निर्भीक को साहित्य शिरोमणि सम्मान पत्र सौंप कर सम्मानित किया गया। हिन्दी दिवस के अवसर पर विद्यालय में हिन्दी दिवस एवं विश्व में हिन्दी विषय पर निबंध प्रतियोगिता भ्ज्ञी रखी गई तथा आठ बच्चों की अच्छी प्रस्तुतियों को सम्मानित किया गया। नीरज शर्मा, विपिन कुमार, सुशील चौधरी, भगवती देवी, पिंकी गौतम, राखी बघेल, किरन वर्मा, निधि चौधरी, जया गुप्ता, सुमन देवी आदि उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह चंदेल ने किया।

## 25 सितंबर को लखनऊ में भाकियू अराजनैतिक दिखाएगी दम

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शुक्रवार को राया ब्लॉक सभागार में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 25 सितम्बर को लखनऊ में होने वाली किसान महापंचायत की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें किसानों की लंबित मांगों को लेकर जनपद मथुरा से अधिक से अधिक किसानों को लखनऊ ले जाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी। मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने बताया कि किसानों के बकाया गन्ना भुगतान, एमएसपी गारंटी कानून और अन्य लंबित मांगों को लेकर प्रदेश के किसान भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले



लखनऊ में महापंचायत करेंगे। सरकार अपने वादों से मुकर रही है। किसानों को किये वादे पूरे नही किये गए हैं किसान इस बार आर पार की करने लखनऊ जा रहे हैं सभी किसानों को अपने हक के लिए आगे आकर सरकार से दो दो हाथ करनी पड़ेगी।किसानों की केवल वोट के समय याद आती है फिर कोई सरकार किसानों की तरफ ध्यान नही देती है।जिला अध्यक्ष सोनवीर सिंह ने कहा कि जनपद मथुरा से रेलगाड़ी और बसों में भरकर हजारो की संख्या में किसान महापंचायत में शामिल होने के लिए कूच करेंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजकुमार तौमर अवधेश रावत उदयवीर सरपंच मुकेश रावत सोनवीर सिंह अमित चौधरी भूरा पहलवान राधेश्याम कुंतल सोवरन सिंह ओमप्रकाश अर्जुन सिंह देवेन्द्र सिंह कुलदीप सिंह छोटू हलवाई खुशी तोमर जितेंद्र तोमर समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों का कोतवाली छाता पर हंगामा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

छाता क्षेत्र के खायरा के ग्रामीणों ने षुक्रवार को छाता कोतवाली पर पहुंचकर हांगामा किया। क्षेत्रीय लोगों की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पहुंचे कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण एवं कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने छाता पुलिस द्वारा चोरी का बता कर ट्रैक्टर पकड़े जाने को लेकर नाराजगी जाहिर की। पुलिस पर बिना जांच के ट्रैक्टर पकड़े जाना गलत है। पुलिस क्षेत्राधिकारी छाता गौरव त्रिपाठी

**नाराजगी**

**पुलिस द्वारा चोरी का बता कर ट्रैक्टर पकड़े जाने को लेकर नाराजगी जाहिर की।**

ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि जांच पड़ताल के बाद ट्रैक्टर को छोड़ दिया जाएगा। अभी जांच की जा रही है थाना छाता पर हंगामा की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी छाता श्वेता सिंह भी मौके पर पहुंच गईं। सीओ छाता के द्वारा एआरटीओ मथुरा मनोज कुमार वर्मा को भी मौके पर बुलवाया गया। एआरटीओ द्वारा छाता पुलिस के द्वारा पकड़े गए ट्रैक्टर के कागजों की जांच पड़ताल की गई तो कागज सही पाए गए। इसके बाद देर शाम पकड़े गए ट्रैक्टर को छाता पुलिस के द्वारा ग्रामीणों को सुपर्द कर दिया गया। कुछ समय बाद देर शाम को मामले की जानकारी लेने के लिए एसपी देहात त्रिगुण विशेन छाता कोतवाली पहुंच गए थे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# निपाह: वैक्सीन के लिए शोध शुरू हुआ

## लोगों को अच्छी तरह हाथ धोने, मास्क पहनने की सलाह के साथ-साथ संदिग्ध मरीज से दूर रहने की सलाह दी गई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** एक बार फिर निपाह वायरस का खतरा बढ़ रहा है। अब तक छह लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जिसमें से दो लोगों की मौत हो चुकी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ राजीव बहल ने कहा कि कोरोना के मुकाबले निपाह वायरस 40-70 फीसदी तक ज्यादा जानलेवा है। हालांकि निपाह वायरस के संक्रमण की रफ्तार कोरोना वायरस की तुलना में काफी कम होती है। यह केवल तभी फैल सकता है जब कोई संक्रमित मरीज के संपर्क में आएं। शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने बताया कि अभी संस्थान के पास सिर्फ 10 मरीजों के लिए मोनोक्लोनल एंटीबॉडी उपलब्ध है। सरकार ने मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की 20 डोज और मंगवाई है। मरीज को वैक्सीन की डोज संक्रमण के शुरूआती समय में दी जाती है। मोनोक्लोनल एंटीबॉडी कितनी सटीक है, इसे लेकर परीक्षण चल रहा है।



**सावधानी बरतने से ही बचाव:** डॉ. बहल ने बताया कि लोगों को निपाह वायरस के संक्रमण से बचने के लिए जागरुक किया जा रहा है। इसके लिए बचाव के तरीकों को लोगों को बताया जा रहा है। इनमें लोगों को अच्छी तरह हाथ धोने, मास्क पहनने की सलाह दी गई है। साथ ही संदिग्ध मरीज से दूर रहने की सलाह दी गई है क्योंकि अभी तक जो मामले सामने आए हैं, वो सभी मरीज के संपर्क में आने से संक्रमित हुए। जिन जगहों पर निपाह वायरस से संक्रमित मरीज मिले हैं, उन्हें क्वारंटीन कर दिया गया है। डॉ. राजीव बहल ने बताया कि संक्रामक बीमारियों के लिए 12 अहम बिंदुओं की पहचान की गई है।

## मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की 20 और खुराक खरीदेगा भारत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** में निपाह वायरस के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। वहीं, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) भी इसको लेकर सतर्क हो गया है। आईसीएमआर के महानिदेशक डां. राजीव बहल ने निपाह वायरस को कोरोना से भी अधिक जानलेवा करार दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना से मरने वालों का दर सिर्फ दो से तीन प्रतिशत ही थी, लेकिन निपाह वायरस से मरने वालों का आंकड़ा 40-70 प्रतिशत का है। उन्होंने कहा कि भारत में निपाह वायरस के संक्रमण को फैलने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। राजीव बहल ने बताया कि साल 2018 में भारत को ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की कुछ

**जानलेवा**

**महानिदेशक डां. राजीव बहल ने निपाह वायरस को कोरोना से भी अधिक जानलेवा करार दिया**

खुराकें मिली थी। हालांकि, अभी 10 मरीजों के लिए इसकी खुराक उपलब्ध है।

उन्होंने आगे बताया कि भारत निपाह वायरस संक्रमण के इलाज के लिए ऑस्ट्रेलिया से इसकी 20 और खुराक खरीदेगा। उन्होंने बताया कि भारत में अभी तक किसी को भी इसकी खुराक नहीं दी गई है। राजीव बहल के मुताबिक, इसकी दवा मरीजों को प्रारंभिक चरण के दौरान दिए जाने की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि केरल में वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सभी तरह के उपाय किए जा रहे हैं। केरल में इसके मामले सामने आने के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके मामले यहां क्यों आ रहे हैं हम नहीं जानते हैं।

मालूम हो कि केरल में इसके सक्रिय मामलों की संख्या चार हो गई है, जिसके बाद राज्य सरकार ने उन सभी लोगों का परीक्षण करने का निर्णय लिया है, जो संक्रमित व्यक्तियों की संपर्क सूची में हैं। टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उसमें निपाह वायरस की पुष्टि हुई, जिससे राज्य में कुल संक्रमित लोगों की संख्या छह हो गई, जिनमें से दो की पहले ही मौत हो चुकी है।

## फास्ट न्यूज

### तेलंगाना सहित पांच चुनावी राज्यों में सरकार बनाएगी कांग्रेस: वेणुगोपाल

नई दिल्ली: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी और सरकार बनाएगी। वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान तेलंगाना और मिजोरम में इस वर्ष होने वाले चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों पर चर्चा के लिए कांग्रेस वर्किंग कमेटी की तीन दिवसीय बैठक हैदराबाद में कल से शुरू होगी। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बैठक में हिस्सा लेंगे।

### शिक्षा के अधिकार कानून का लाभ नहीं मिलने पर शरणार्थी छात्र पहुंचे हाई कोर्ट

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के स्कूलों में पढ़ने वाले 46 शरणार्थी अफगानी छात्रों ने शिक्षा के अधिकार कानून के तहत लाभ नहीं मिलने पर दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट इस याचिका पर 18 सितंबर को सुनवाई करेगा। अफगानी छात्रों की ओर से सोशल जूरिस्ट नामक संगठन ने याचिका दायर की है।

वकील अशोक अग्रवाल की ओर से दाखिल इस याचिका में कहा गया है कि शिक्षा के अधिकार के तहत उन्हें यूनिफॉर्म, स्कॉलरशिप इत्यादि इस आधार पर नहीं दिए जाते हैं कि उनका बैंक खाता नहीं है।

## जिंदल स्टील प्लांट में मजदूर की मौत पर नोटिस जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल** ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने छत्तीसगढ़ में अगस्त महीने में रायगढ़ जिले के जिंदल स्टील प्लांट में गर्म लावा से एक मजदूर की मौत पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जिंदल स्टील को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एनजीटी चेयपर्सन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले को भोपाल स्थित सेंट्रल जोन बेंच को ट्रांसफर करने का आदेश दिया। एनजीटी ने एक न्यूज एजेंसी की ओर से छपी खबर पर संज्ञान लेते हुए ये आदेश जारी किया। 22 अगस्त को छपी खबर के मुताबिक रायगढ़ जिले के जिंदल स्टील प्लांट में एक मजदूर की गर्म लावा के निस्तारण के दौरान उसकी चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस मामले में छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण बोर्ड ने अपना जवाब दिया लेकिन जवाब में लावा के निस्तारण के बिंदु को छुआ तक नहीं गया। एनजीटी ने आदेश दिया कि लावा को स्टील उद्योग में लावा के निस्तारण को लेकर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशानिर्देशों का पालन किया गया है कि नहीं, ये देखा जाए।

## किसी के निजी संपत्ति के अधिकार जनहित से ऊपर नहीं हो सकते: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली हाई** कोर्ट ने दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के मार्ग पर पड़ने वाले एक इलाके के निवासियों की याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि किसी के निजी संपत्ति के अधिकार जनहित से ऊपर नहीं हो सकते हैं। याचिका सिद्धार्थ एक्सटेंशन रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और सीनियर सिटिजंस वेलफेयर फोरम

**खारिज**

**याचिका सिद्धार्थ एक्सटेंशन रेजिडेंट एसोसिएशन और सीनियर सिटिजंस फोरम ने दायर की थी**

ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि इसके शुरूआती प्रोजेक्ट में सिद्धार्थ एक्सटेंशन को शामिल नहीं किया गया था, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने मनमाने तरीके से सिद्धार्थ एक्सटेंशन को डक्ट के जरिये शामिल कर दिया। याचिका में कहा गया था कि एनसीआरटीसी को शुरूआती रूट प्लान बदलने का फैसला मनमाना था। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 300ए का उल्लेख करते हुए कहा गया था कि उनका अपनी संपत्तियों पर संरक्षित कानूनी अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को 2019 में केंद्र सरकार ने 30,270 करोड़ की लागत के

## सशस्त्र बलों के लिए 45 हजार करोड़ मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्षा क्षे**त्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के मकसद से रक्षा अधिग्रहण परिषद ने शुक्रवार को सशस्त्र बलों के लिए 45 हजार करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। इसमें वायु सेना के लिए 12 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान और कम दूरी की हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल 'ध्रुवास्त्र', सेना के लिए हल्के बख्तरबंद बहुउद्देशीय वाहन और नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों की खरीद की जाएगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में नौ पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए एओएन को मंजूरी दी गई है। चूंकि, रक्षा मंत्रालय अपनी स्वदेशीकरण महत्वाकांक्षाओं को उन्नत करने की योजना बना रहा है, इसलिए मंजूर की गईं परियोजनाओं में न्यूनतम 60-65% स्वदेशी सामग्री का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए डीएसी ने सशस्त्र बलों के लिए 45 हजार करोड़ रुपये के नौ पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए एओएन को मंजूरी दी है।

## 'चौपट सरकार ने सब चौपट कर दिया, आज मध्य प्रदेश बना भ्रष्टाचार प्रदेश'

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शुक्रवार को अशोकनगर में कांग्रेस की विशाल जन सभा में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश की तस्वीर आपके सामने है, चौपट सरकार ने प्रदेश को चौपट कर दिया है, चौपट रोजगार व्यवस्था, चौपट भर्ती व्यवस्था, चौपट कृषि व्यवस्था, चौपट शिक्षा व्यवस्था, स्कूलों में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं। मध्य प्रदेश आज भ्रष्टाचार प्रदेश बन गया है। अगर आपके पास 50 एकड़ जमीन है तो पैसे दो और गरीबी रेखा के नीचे अपना नाम लिखवा लो, यह आज हमारे प्रदेश की स्थिति है। कमलनाथ ने भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार पर हमला बोलते हुए कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन की सरकार प्रदेश में चल रही है। इस सरकार ने अब



तक 3 लाख 30 हजार करोड़ रुपये का कर्जा लिया है, लेकिन इस कर्जे से किसको फायदा हुआ? क्या हमारे नौजवानों का फायदा हुआ, क्या हमारे संविदा कर्मचारियों, अतिथि शिक्षकों, आशा, उषा बहनों को फायदा हुआ? भाजपा सरकार ने इस कर्ज से बड़े-बड़े ठेके दिए और एडवांस में अपना 50 प्रतिशत कमिशन लिया। 50 प्रतिशत कमीशन की ये सरकार पूरे प्रदेश के सामने है। इस सरकार में कितने घोटाले आपके सामने है, इस सरकार ने तो इंसान ही नहीं घोटाला करने में महाकाल को भी नहीं छोड़ा है। कमलनाथ ने कहा कि मैं तो शिवराज सिंह जी से पूछता चाहता हूं कि जो यह जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रहे हैं, आपने इन 18 सालों में प्रदेश की जनता को क्या दिया, हिसाब जनता को दीजिए। आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को बहुत सारी बात याद आ रही है, वे अपना पाप धोना चाहते हैं, इसलिए अब उनकी झूठी घोषणाओं की मशीन डबल स्पीड से चलने लगी है।

## 84 उत्कृष्ट कलाकारों को उपराष्ट्रपति आज करेंगे सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के 84 उत्कृष्ट कलाकारों को शनिवार को संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार प्रदान करेंगे।

विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले इस सम्मान कार्यक्रम में कानून और न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति एवं संसदीय कार्य अर्जुन राम मेघवाल और संस्कृति एवं विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद रहेंगी । शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा ने कहा कि संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार प्रदर्शन कला के क्षेत्र में प्रदर्शन करने वाले कलाकारों के साथ-साथ शिक्षकों और विद्वानों को दिया जाने वाला एक राष्ट्रीय सम्मान है। पुरस्कार विजेताओं का चयन अकादमी की सामान्य परिषद द्वारा किया जाता है।




**सौगात** पूर्व मध्य रेलवे को सौंपी गई इन ट्रेनों में से एक ट्रेन में से एक पटना-हावड़ा मार्ग के बीच चलाई जा सकती है

## फिर पटरियों पर उतरेगी एक साथ नौ वंदे भारत ट्रेन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश के** कई राज्यों को एक बार फिर से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। अबकी बार इन ट्रेनों की सौगात चुनावी राज्य मध्य प्रदेश-राजस्थान के अलावा ओडिशा को भी मिल सकती है। रेलवे के सूत्रों ने बताया कि, वंदे भारत ट्रेन बनाने वाली चेन्नई के इंटीग्रल कोच में फैक्ट्री में कम से कम नौ ट्रेन बनकर तैयार है। इन नौ ट्रेनों में से सबसे ज्यादा तीन ट्रेन दक्षिण रेलवे को अलॉट की गई हैं। इतनी ही ट्रेनें पहले से ही इस जोन में चल रही है। रेलवे के सूत्रों का कहना है कि इन नौ ट्रेनों की शुरू होने की तारीखों की घोषणा पर रेलवे अभी विचार कर रहा है। मंत्रालय एक बड़े आयोजन की तैयारी कर रहा है। इसमें पीएम भी शामिल हो सकते हैं। रेलवे एक भव्य आयोजन के जरिए सभी ट्रेनों को एक साथ शुरू कर सकता है। आखिरी बार 7 जुलाई को गोरखपुर से लखनऊ के बीच



वंदे भारत ट्रेन लांच की गई थी। बीते करीब दो माह से एक भी नई वंदे भारत ट्रेन नहीं शुरू हुई है।

**नई ट्रेनों को इन रूटों पर किया जा सकता है शुरू**
रेलवे ने भले ही अभी रुट की घोषणा नहीं की है। सूत्रों का कहना है कि, इनमें से दो ट्रेने जयपुर-इंदौर और जयपुर-उदयपुर से हो सकती है। जयपुर इंदौर वंदे भारत ट्रेन नीमच के रास्ते होकर गुजरेगी। ये दोनों ट्रेनों की मिलने की उम्मीद इसलिए भी है कि क्योंकि इन दोनों राज्यों में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है।

पिछले दिनों ही केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उदयपुर,नीमच और इंदौर के रेलवे स्टेशनों का दौरा किया था। इसके अलावा ईस्ट कोस्ट रेलवे को आवंटित एक ट्रेन ओडिशा के पुरी और राउरकेला में चलने की संभावना है। ओडिशा की पहली वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन के दौरान ही रेलमंत्री वैष्णव ने कहा था कि जल्द ही एक ट्रेन राउरकेला को भी मिलेगी। ओडिशा में भी 2024 में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में केंद्र सरकार ओडिशा को इस ट्रेन की सौगात देने जा रही है। जबकि पूर्व मध्य रेलवे को सौंपी गई इन ट्रेनों में से एक ट्रेन में से एक पटना-हावड़ा मार्ग के बीच चलाई जा सकती है। हाल ही में इस रूट पर ट्रायल जामताड़ा और आसनसोल में स्टॉपेज के साथ किया गया है।

**अलॉट**

**वंदे भारत ट्रेन बनाने वाली चेन्नई के इंटीग्रल कोच में फैक्ट्री में कम से कम नौ ट्रेन बनकर तैयार है।**